बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 154 | बुधवार 25 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

[सुविचार]

समझ ना आया
ऐ जिंदगी तेरा ये
फलसफा,
एक तरफ कहती है
सबर का फल
मीठा होता है
और दूसरी तरफ
कहती है
वक़्त किसी का
इंतजार नही करता.

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन पलटाने की साजिश होंगी नाकाम!

पीटीआई, जयपुर। राजस्थान, कानपुर और गुजरात समेत देशभर में ट्रेन पलटाने की साजिशों को नाकाम करने के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कई राज्यों के अधिकारियों और पुलिस के साथ बातचीत की। रेल मंत्री ने जयपुर हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार सुरक्षा के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेती है। ट्रेनों में तोड़फोड़ और उन्हें पलटने की साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पीएम मोदी, सफल और सार्थक रही तीन दिवसीय यात्रा

पीटीआई, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय सफल और अहम यात्रा के बाद सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान उन्होंने ह्यक्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के शासन प्रमुखों की बैठक और भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में ह्यभविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने रविवार को क्वाड शिखर सम्मेलन के इतर अपने जापानी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और आपसी लाभ एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की सफल और अहम यात्रा के बाद नयी दिल्ली रवाना हुए। मोदी शुक्रवार को अमेरिका पहुंचे थे और यात्रा के पहले दिन उन्होंने डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड के सदस्य देशों के शासन प्रमुखों की बैठक में भाग लिया। क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेलावेयर में अपने गृहनगर विलमिंगटन में शनिवार को, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया। बाइडन ने द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने आवास में मोदी की मेजबानी की जो दुर्लभ बात है। क्वाड शिखर सम्मेलन विलमिंगटन के आर्कमेरे अकेडमी में आयोजित किया गया। मोदी के साथ बैठक के दौरान बाइडन ने भारत द्वारा प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी ह्यजनरल एटॉमिक्स से 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की खरीद को अंतिम रूप दिए जाने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उपकरण की द्विपक्षीय व्यापारिक आपूर्ति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मोदी ने शिखर सम्मेलन के इतर ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें कीं। अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की अत्यंत विशेष बात भारत के 297पुरावशेषों की वापसी रही जिनमें से कुछ द्विपक्षीय बैठक के दौरान बाइडन के आवास पर प्रदर्शित किए गए। क्वाड शिखर सम्मेलन और इससे जुड़े अन्य सम्मेलनों में प्रधानमंत्री मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न साझेदारों के साथ विकास के लिए सहयोग, संपर्क और सहभागिता के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। शिखर सम्मेलन की प्रमुख घोषणाओं में क्वाड कैंसर मूनशॉट शामिल है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कैंसर और विशेषकर सर्विकल कैंसर से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व साझेदारी है। भारत ने सर्विकल कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रोग की जांच एवं निदान के लिए 75 लाख अमेरिकी डॉलर का अनुदान देने का संकल्प लिया है। क्वाड राष्ट्रों ने हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिए एक नयी क्षेत्रीय समुद्री पहल (मैत्री) की घोषणा की, ताकि क्षेत्र में उनके साझेदार हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता (आईपीएमडीए) और क्वाड के साझेदारों की अन्य पहलों के माध्यम से प्रदान किए गए उपकरणों का अधिकतम लाभ उठा सकें जिसकी मदद से वे अपने जलक्षेत्र की निगरानी एवं सुरक्षा कर सकें, अपने कानूनों को लागू कर सकें और गैरकानूनी व्यवहार को रोक सकें। विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद मोदी शनिवार को यात्रा के दूसरे दिन न्यूयॉर्क रवाना हुए, जहां उन्होंने लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और यात्रा के तीसरे दिन संयुक्त राष्ट्र के एक प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ कोलिजियम में भारतीय-अमेरिकियों की एक विशाल सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बोस्टन और लॉस एंजिलिस में नए वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की योजना की घोषणा की। वाणिज्य दूतावास स्थापित करना इन दो बड़े अमेरिकी शहरों में तेजी से बढ़ते भारतीय अमेरिकी समुदाय की बहुत पुरानी मांग थी। इस कार्यक्रम में 13,000 से अधिक भारतीय अमेरिकियों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर लोग न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी क्षेत्र से थे, लेकिन भारतीय अमेरिकी 40 राज्यों से आए थे। उन्हें लाने के लिए 60 चार्टर बसों का इस्तेमाल किया गया था। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकियों की भूमिका की सराहना करते हुए मोदी ने उन्हें भारत का ब्रैंड एंबेसडर बताया। इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

पीएम मोदी और ट्रंप की क्यों नहीं हो पाई मुलाकात?

आईएएनएस। अमेरिका दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात नहीं हो पाई। ट्रंप ने ही यह घोषणा की थी कि अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात होगी। लेकिन यह मुलाकात नहीं हो पाई। पीएम मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका दौरे पर रहे। उनकी करीब 55 घंटे की यह यात्रा काफी व्यस्त रही। जबकि ट्रंप भी अपने चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। इस वजह से पीएम मोदी और ट्रंप की मुलाकात नहीं हो पाई। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में वह रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

इमामों पर मेहरबान हुई आंध्र प्रदेश सरकार, हर महीने देगी मानदेय

- सीएम चंद्रबाबू नायडू ने चुनावी वादों को लागू करने के दिए निर्देश
- सीएम नायडू ने वक्फ बोर्ड की जमीनों का सर्वे पूरा करने का निर्देश भी दिया

आइएएनएस, अमरावती। आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली सरकार इमामों और मुअज्जिनों को मासिक मानदेय और प्रत्येक हज यात्री को एक लाख रुपये देने जा रही है। नायडू ने सोमवार को अधिकारियों को इन चुनावी वादों को लागू करने के निर्देश दिए। यहां राज्य सचिवालय में अल्पसंख्यक कल्याण पर समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इमामों और मुअज्जिनों को हर महीने क्रमशः दस हजार और पांच हजार रुपये मानदेय देने के वादे को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। जबकि हज यात्रा पर जा रहे प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

पंजाब में मेडिकल एडमिशन में रिश्तेदारों को नहीं मिलेगा NRI कोटे का फायदा

पीटीआई, चंडीगढ़। मेडिकल क्षेत्र में दाखिले संबंधी एनआरआई कोटे के मामले में पंजाब सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार की अपील को खारिज करते हुए पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब मेडिकल क्षेत्र में यह धोखाधड़ी समाप्त होनी चाहिए। इस तरह अदालत ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए एनआरआई कोटा बढ़ाने वाली पंजाब सरकार की अधिसूचना को रद कर दिया है।

32 दिनों में दूसरी बार जेलेंस्की से क्यों मिले पीएम मोदी?

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 32 दिनों के भीतर दूसरी बार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में अपनी अमेरिकी यात्रा के तीसरे दिन वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इससे पहले 23 अगस्त को अपनी यूक्रेन यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने जेलेंस्की से मुलाकात की थी। पीएम मोदी रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस मुद्दे पर वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संपर्क में भी हैं। रूस-यूक्रेन जंग में भारत शांति और संघर्ष विराम की पहल कर रहा है।

आंध प्रदेश में हनुमान मंदिर के रथ को लगाई आग

पीटीआई, अनंतपुर। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में मंगलवार सुबह अज्ञात लोगों ने हनुमान मंदिर के रथ को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया है। अनंतपुर के पुलिस अधीक्षक पी जगदीश ने बताया कि घटना सांप्रदायिक नहीं है बल्कि एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच झगड़े का परिणाम है। पुलिस के अनुसार, इस रथ को सार्वजनिक स्थान पर रखने को लेकर विवाद हो गया और दानकताओं को इसे अपने घर में रखने को कहा गया था। जगदीश ने बताया कि बातचीत के बाद रथ को खड़ा करने के लिए एक शेड बनाने पर सहमति बनी थी, लेकिन मंगलवार सुबह अज्ञात व्यक्तियों ने रथ में आग लगा दी। इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना को संज्ञान लेते हुए अपराधियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पीएम मोदी की सरकार पर धर्म का दिखावा करने का आरोप लगाया है।

- धर्म के मामले में राजनीतिज्ञों का हस्तक्षेप जरूरी नहीं
- विश्व कल्याण के लिए सभी को धर्म के रास्ते पर चलने की जरूरत

पटना। भारतवर्ष में गौ को मां का दर्ज मिला है। उसी देश से गोमांस का निर्यात होना हिंदुओं के लिए दुर्भाग्य की बात है। हिंदूवादी देश होने के बाद भी आजादी के बाद से अब तक सभी राजनीतिक दलों ने हिंदुओं की भावनाओं को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। देश की सरकार गौ के सम्मान में धर्म के सम्मान में गौ हत्या पर रोक लगाए। मंगलवार को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गो ध्वज स्थापना को लेकर दरोगा राय स्मारक भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। शंकराचार्य ने कहा कि हम किसी राजनीतिक दल का विरोध नहीं करते हैं पर उनके किए गए कार्यों पर जवाब जरूर देंगे। जो भी गौ हत्या रोकने के लिए कार्य करेगा हम सभी शंकराचार्य उस दल का समर्थन करेंगे। धर्म के मामले में राजनीतिज्ञों का हस्तक्षेप करना जरूरी नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है

- राज्यपाल थावरचंद गहलोत के फैसले के खिलाफ दायर की थी याचिका।
- याचिका में बताए गए तथ्यों को जांच करने की जरूरत: हाई कोर्ट

एएनआई, बेंगलुरु। लैंड स्कैम मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाई कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। इस मामले पर गवर्नर के आदेश के खिलाफ दायर की गई उनकी याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिका में बताए गए तथ्यों को जांच करने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अभियोजन की मंजूरी देने के लिए राज्यपाल सक्षम हैं। सीएम सिद्धरमैया ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा अपने खिलाफ केस चलाने के आदेश को चुनौती दी है। यह केस मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण जमीन स्कैम से जुड़ा हुआ है।

स्वच्छ भारत मिशन ने बदली भारत की छवि

मधुकर पवार

भारत में इस समय चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा - 2024 एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान है जो स्वच्छ और स्वस्थ भारत के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस अभियान की विषयवस्तु स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता है। यह स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दशक के परिवर्तनकारी कार्यों पर आधारित है, जिसने 2014 में अपनी शुरूआत के बाद से भारत के स्वच्छता परिदृश्य को मौलिक रूप से नया आयाम प्रदान किया है।

इन दिनों समूचे भारत में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक व पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों तथा आसपास के परिसरों आदि की साफ झ सफाई के लिये विशेष सफाई अभियान चलाकर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि स्वच्छता अभियान सतत चलता रहे। विगत 19 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उज्जैन प्रवास पर थीं। इस दौरान उन्होंने महाकाल परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान कर यह संदेश दिया कि चाहे कोई व्यक्ति कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो, स्वच्छता उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान देशव्यापी जन आंदोलन बन गया है। मध्य प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर ने लगातार सात बार देश का स्वछतम शहर बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल को सबसे स्वच्छ राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। राज्य के अनेक शहर वाटर प्लस और ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में पुरस्कृत हुए हैं। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों का श्रेय अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण सन 2025 तक चलेगा। इस दौरान हमें संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा करना है।

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भी राजस्थान के झुंझुनू जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के अधिकांश परिवारों में शौचालयों का नहीं होना एक अभिशाप था। इससे सबसे ज्यादा बेटियों और महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन से उनका सम्मान और गौरव बढ़ा है। यूनिसेफ के सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि उन्हें सम्मान मिला है और वे सुरक्षित महसूस करती हैं। हाल ही में एक शोध में पाया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि भारत में सन 2014 के बाद से हर साल 60,000 से 70,000 नवजात शिशुओं की जान बच रही है।

भारत में स्वच्छ भारत मिशन को शुरू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं। इस दौरान चरणबद्ध तरीके से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता अभियान के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इस अभियान से बच्चे, युवा, जवान और



बुजुर्ग सभी जुड़े और यह देखते ही देखते जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया। गांव-गांव और शहर- शहर में स्वच्छता को लेकर होड़ सी लग गई और इसके परिणाम स्वरूप गांव, जिला और प्रदेश सहित समूचे भारत में स्वच्छता की बयार बहने लगी। पूरे भारत में आम जनता की सक्रिय भागीदारी से खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर दिया गया। करीब 10 साल पहले स्वच्छता को लेकर हमारी मानसिकता पर जो गर्द जमी हुई थी, वह अब पूरी तरह साफ हो गई है। हमारी नजरें अब स्वच्छता के बीच केवल गंदगी पर ही जाकर टिकती है। जब चारों ओर स्वच्छता का वातावरण बन रहा है तब कहीं जरा सी भी गंदगी रहती है, वहीं हमारी नजरें ठहर जाती हैं। यह स्वच्छता को लेकर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है।

स्वच्छता को लेकर प्रशासन के साथ आम नागरिकों में भी जुनून सवार है तभी तो मध्य प्रदेश का इंदौर शहर भारत में सबसे स्वच्छ शहर का तमगा लेकर 7 सालों से शीर्ष पर बना हुआ है। इसमें आम नागरिकों और स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग अतुलनीय है। इंदौर को केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी स्वछतम शहर के रूप में मान्यता मिली हुई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि अन्य शहर भी इंदौर से स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर बराबर आने या इससे आगे निकलने की होड़ में शामिल होने के लिए जी तोड़ मेहनत करने लगे हैं। चूंकि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और निरंतर स्वच्छता को लेकर सजग रहकर इसके विभिन्न मापदंडों के स्तर को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अब स्वच्छता धीरे झ धीरे आम नागरिकों की आदत में शामिल होने लगा है । इसी का परिणाम है कि आज स्वच्छता के मापदण्डों पर भारत की छवि एक स्वच्छ राष्ट्र के रूप में बन रही है।

भारत में सन 2014 से पहले निर्मल भारत अभियान चलाया जा रहा था जिसमें केवल शौचालय बनाना ही एकमात्र लक्ष्य था लेकिन राशि इतनी कम (मात्र 4600 रुपए) थी कि इससे किसी तरह शौचालय ही बना पाते थे। यह कार्यक्रम औपचारिकता मात्र बन कर रह गया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की, शौचालय बनवाने के लिये राशि को बढ़ाकर 12,000 रुपए कर दिया जो शौचालय बनवाने के लिये पर्याप्त कही जा सकती है। शौचालयों के निर्माण के साथ पेयजल, स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त शहर - गांव आदि को भी इस अभियान में शामिल कर व्यापकता प्रदान की गई । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले मकानों में शौचालय बनाना अनिवार्य कर दिया जिससे स्वच्छता अभियान को नया आयाम मिला और गरीबों विशेषकर महिलाओं को सम्मान । इसका परिणाम यह हुआ कि सन 2014 में जहां देश में शौचालयों का प्रतिशत करीब 40 था, जो अब बढ़कर करीब 97 प्रतिशत हो गया है। देश में 11.6 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया गया है कि भारत खुले में शौच से मुक्त हो जाए। आज की तारीख में भारत के 50% गांव ओडीएफ प्लस मॉडल हो चुके हैं। भारत करीब झ करीब खुले में शौच से मुक्त यानी ओ.डी.एफ. के आसपास पहुंच चुका।

स्वच्छ भारत मिशन में पेयजल उपलब्ध कराना भी एक महत्वपूर्ण कारक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है। राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश के करीब 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 13.76 करोड़ यानी 71.51 प्रतिशत परिवारों के घरों में नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है।

शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ घर से निकलने वाले सूखे, गीले, जैव अपशिष्ट और इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक अपशिष्ट के व्यवस्था शुरू करने से शहरी स्वच्छता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। घर से निकलने वाले सभी तरह के कचरे को घर से ले जाने के लिए सभी नगरीय क्षेत्रों में माकूल व्यवस्था की गई है। अनेक शहरों में गीले कचरे से जैविक खाद और बायोगैस बनाई जा रही है। उज्जैन के महाकाल सहित देश के अनेक धार्मिक स्थलों में फूल, पत्तियां से अब जैविक खाद बनाने के अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। इससे धार्मिक स्थलों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हो रहा है, कुछ लोगों को रोजगार भी मिल रहा है और धार्मिक ट्रस्टों को आमदनी भी होने लगी है। देश में रिसायकल नहीं हो सकने वाली पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वच्छता के लिये तीन आर यानि रिड्यूस, रियूज और रिसायकल अर्थात आवश्यकता कम करना, पुनः उपयोग करना और पुनर्चक्रीकरण पर बल दिया गया है। इस प्रयास से आम नागरिकों के व्यवहार में भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है। एक बार ही उपयोग (सिंगल यूज) में आने वाले प्लास्टिक / पोलिथीन से बने गिलास, प्लेट्स आदि का विवाह, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में रोक लगाने के लिये प्रभावी कदम उठाए गये हैं। अनेक नगरीय निकाओं और ग्राम पंचायतों ने बर्तन बैंक बनाकर पोलिथीन मुक्त शहर / ग्राम बनाने की दिशा में अनुकरणीय पहल की है।

भारत में इस समय चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा - 2024 एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान है जो स्वच्छ और स्वस्थ भारत के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस अभियान की विषयवस्तु स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता है। यह स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दशक के परिवर्तनकारी कार्यों पर आधारित है, जिसने 2014 में अपनी शुरूआत के बाद से भारत के स्वच्छता परिदृश्य को मौलिक रूप से नया आयाम प्रदान किया है। पिछले दस वर्षों में स्वच्छता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हो गया है। अब भारत की छवि स्वच्छ भारत के साथ स्वस्थ भारत के रूप में भी बन रही है। स्वच्छता को बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती है लेकिन यह असम्भव भी नहीं है।

(लेखक - भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी)

संपादकीय

चीन को घुड़की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, क्वाड़ (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है। बल्कि नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था व संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। यह.अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान के साथ भारत को मिलाकर बनाया गया संगठन है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, स्वतंत्र, खुला, समावेशी व समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है। किसी देश का नाम लिये बगैर उन्होंने जोड़ा, हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंड़ता व सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से हम समाधान करने के समर्थन में हैं।

प्रधानमंत्री का इशारा परोक्ष रूप से चीन की तरफ था। चूंकि क्वाड़ सदस्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में खुले व्यापार के समर्थक हैं। जिसका सकारात्मक व स्थाई प्रभाव दिख रहा है। लंबे समय से चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स नीति' के तहत चीन-हिंद महासागर क्षेत्र में बंदरगाहों व सैन्य ठिकानों को विकसित कर रहा है। इसके चार प्रमुख समुद्री लोकतांत्रिक देशों के तौर पर यह संगठन शांति व स्थिरता बनाए रखने का कार्य कर रहा है। जो वैश्विक सुरक्षा व समृद्धि के लिए अनिवार्य माना जा रहा है। स्पष्ट रूप से चीन लगातार हमारे करीबी पड़ोसियों म्यामांर, बांग्लादेश, थाईलैंड़, नेपाल, मालदीव जैसे मुल्कों में वर्चस्व बढ़ा कर भारत को घेरने के प्रयास कर रहा है। हालांकि चीन के साथ सीमा विवाद में देश को अमेरिका व जापान का समर्थन प्राप्त है। साथ ही जापान लगातार भारत को बुनियादी ढ़ांचे के विकास के लिए वित्तीय मदद भी कर रहा है। जो चीन का मुकाबला करने में खास मददगार साबित हो रहा है। स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में क्वाड़ के काम का लाभ देश को परोक्ष व प्रत्यक्ष तौर पर निरंतर प्राप्त हो रहा है। मोदी द्वारा बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर प्रमुखता से जिक्र करना तथा विचारों का आदान-प्रदान असरकारी हो सकता है। बहुपक्षीय व द्विपक्षीय स्तरों पर वैश्विक तरक्की, शांति व सुरक्षा को लेकर भारत की प्रतिबद्धता व विचारों का सीधा असर दुनिया के समक्ष शीघ्र ही स्पष्ट होता जाएगा। जो अस्थिरताकारी व एकतरफा कार्रवाई का विरोध कर सकेगा व यथास्थिति को बदलने की सकारात्मक प्रयास होते नजर आ सकेंगे।

चिंतन-मनन

ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है।

पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

एआई आधारित टेक कंपनियों की नजर भारत पर



सनत जैन

भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका की यात्रा पर गए थे। न्यूयॉर्क के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी की ओर से गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें अमेरिका की 15 टेक कंपनियों के सीईओ ने भाग लिया। सभी कंपनियों का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर था। भविष्य में एआई तकनीकी पर आधारित सेवाओं पर टेक कंपनियों को अरबों खरबों रुपए की कमाई भारत से होने जा रही है। इसको लेकर विश्व भर की सभी टेक कंपनियां भारत के साथ अपने व्यापार और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सरकार पर दबाव बना रही हैं। एआई रिसर्च के मामले में चीन अभी सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर अमेरिका है। भारत का नंबर तीसरा है। अमेरिका की कंपनियां एआई तकनीकी के माध्यम से भारत में अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। भारत की आबादी, भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। अभी एआई तकनीकी का काम ठीक तरह से शुरू भी नहीं हुआ है। इसके बाद भी हर माह अरबो रुपए की कमाई विदेशी कंपनियां भारत से कर रही। चैट जीपीटी और गूगल के कई टूल्स भारत में विभिन्न कंपनियों द्वारा मासिक सब्सक्रिप्शन के आधार पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 1500 रुपए से लेकर ढाई हजार रुपए तक के विभिन्न किस्म के सब्सक्रिप्शन देकर प्रतिमाह अरबों रुपए की कमाई विदेशी कंपनियां करने लगी हैं। एआई तकनीकी अभी प्रारंभिक दौर में है। अगले कुछ ही वर्षों में सभी क्षेत्रों में एआई तकनीकी का उपयोग बड़े पैमाने पर जब होना शुरू हो जाएगा। उस समय टेक कंपनियों के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार होगा। गूगल और एनवीडीया सहित कई बड़ी-बड़ी दिग्गज कंपनियां भारत सरकार के विकास की तारीफ करते हुए भारत में अपने व्यवसाय को बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही हैं। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान वहां की टेक कंपनियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कंपनियों से कहा है, अगले दो वर्षों में एआई तकनीकी के 85000 से अधिक इंजीनियर और टेक्नीशियन को भारत तैयार करना चाहता हैं। भारत सरकार अनुसंधान और विकास के मामले में भी सहयोग करने के लिए तैयार है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में टेक कंपनियों के गोलमेज सम्मेलन में भारत में ज्यादा निवेश करने का भरोसा टेक कंपनियों ने दिया हैं। भारत में अभी एआई तकनीकि और सेवाओं को लेकर कोई कानून तैयार नहीं हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ एआई तकनीकी को लेकर नियम और कानून बनाने पर विचार विमर्श कर रही है। अभी एआई तकनीकि शुरूआती दौर में हैं। भारत में जिस तरह से ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार पिछले वर्षों में हुआ है। मोबाइल और इंटरनेट की कनेक्टिविटी जिस तरह से भारत में बढ़ी है। उसके कारण दुनिया भर की टेक कंपनियां, यह मानकर चल रही है। एआई तकनीकी आधारित सेवाओं के शुरू होने पर भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार होगा। इसलिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत मैं बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए प्रयासरत हैं। दुनिया में जिस तरह से आर्थिक मंदी की आहट देखने को मिल रही है। एआई तकनीकी आने के बाद बेरोजगारी और भी बढ़ने की बात कहीं जा रही है। मानवीय सेवाओं का स्थान अब रोबोट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता से होने पर, बेरोजगारी बढ़ना तय है। भारत की युवा आबादी सबसे ज्यादा है। भारत में बेरोजगारी की दर भी दुनिया में सबसे ज्यादा है। ऐसी स्थिति में एआई तकनीकी के फायदे भारत को कम और विदेशी कंपनियों को आर्थिक लाभ ज्यादा होंगे। भारत अपनी बेरोजगारी की समस्या से किस तरह से निपटेगा। इसका कोई उपाय भारत सरकार ने नहीं सोचा है। विदेशी कंपनियों के दबाव में भारत सरकार को ऐसा लग रहा है। एआई तकनीकी का उपयोग बढ़ने से भारत का तेजी के साथ विकास होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार ऐसा होना संभव नहीं है। शुरूआती दौर में ही जिस तरह टेक कंपनियों द्वारा मनमाना सब्सक्रिप्शन वसूल किया जा रहा है। उससे टेक कंपनियों को आर्थिक रूप से बहुत बड़ा फायदा होगा। भारत में एआई तकनीकी को सीखने और उपयोग में लाने से हर माह अरबो रुपए भारतीय उपभोक्ता खर्च कर रहे हैं। भारतीय युवा एआई तकनीकी पर निर्भर होने के कारण मानसिक दुष्प्रभाव भी आगे चलकर देखने को मिलेंगे। भारत सरकार को बड़ी गंभीरता के साथ इस मामले में निर्णय करना होगा। विदेशी निवेश और टेक कंपनियों के ऊपर भरोसा करने के पहले एआई तकनीकी के प्रभाव और दुष्प्रभाव पर भी सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। टेक कंपनियां अपना एकाधिकार ना बना पाएं, इसके लिए भी सरकार को समय रहते हुए पहले नियम और कानून तैयार करने होंगे। वैश्विक स्तर पर जिस तरह से युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। हाल ही में लेबनान और अन्य देशों में जिस तरह से पेजर, मोबाइल फोन और कंप्यूटर में विस्फोट किए गए हैं। यह भी तकनीकी का कमाल है। पेजर जो ऑनलाइन जुड़े हुए भी नहीं थे। उसके बाद भी बड़े पैमाने पर सुनयोजित रूप से विस्फोट कराकर युद्ध के रूप में तकनीकी का सहारा लिया गया है। इस तरह की स्थितियों से बचने के लिए भी भारत सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

जलवायु बदलावः आघात से आहत होती सड़कें

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

इस समय एक ध्यान देने की बात यह है कि उत्तराखंड, हिमाचल व जम्मू-कश्मीर में अधिकांश राजमार्ग जो बाधित हैं या धंस रहे हैं अथवा जिन पर खण्ड-खण्ड हो भूखण्ड गिर जाते हैं उनमें व सड़कें भी हैं जिन्हें बारहमासी चालू रखना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है क्योंकि वे सीमांतों को छूती हैं। इनका 'ऑल वेदर रोड' यानी बारहमासी सडक्क होना अपेक्षित है। निस्संदेह बनाई भी वे इसी लक्ष्य से बनाई गई होंगी। मौसमी आपदाओं को झेलने में समर्थ सड़कें आपदाओं में राहत, पुनर्वास व पुनर्निमाण कार्यों को भी आसान कर देती हैं। वैसे हर कोई चाहता है कि उसके आवागमन की राह चाहे वे पगडंडियां ही हों बारहमासी हों। समय असमय की चुनौतियों पर खरी उतरती रहीं पगडंडियां इसकी साक्षी हैं। आज की आल वेदर रोड या हर मौसम में खरी उतरने वाली सड़कों की चाहत भी उसी क्रम में है।

संयुक्त राष्ट्र संघ सतत विकास 2030 के लक्ष्यों (एसडीजी) में भी सड़क परिवहन व उससे जुड़े इनफ्रास्ट्रक्चर्स को महत्त्वपूर्ण मानते हुए सड़क परिवहन तथा पुल सड़कों जैसे इनफ्रास्ट्रक्चरों को जलवायु बदलाव के कुप्रभावों से बचाने और उनके अनुकूलन पर काम करने का आह्वान भी किया गया है, जिससे जलवायु बदलाव के आघात से सड़कें कम आहत हों। धरा का बढ़ता तापमान सड़कों पर भी असर डाल रहा है। गरम होती धरा में पिघलते ग्लेश्यिरों के साथ पिघलती सड़कों पर भी सचेत किया जा रहा है। यह सामयिक भी है। विश्व में अधिकांश पक्की सड़कें जो कोलतार से ही बनतीं रहीं हैं तेज गर्मी में पिघलने लगती हैं। उधर ध्रुवीय प्रदेशों व सदैव बर्फ से ढके रहने वाले क्षेत्रों में जहां वाहन परिचालन बर्फ की सड़कों पर होता है बढ़ते तापक्रम में बर्फ की सड़कें गलने लगती हैं। बारहमासी सड़कों की राह में कई चुनौतियां भी हैं। अति की गर्मी, अति की ठंड़, अति की बरसात के साथ जहां बरसात नहीं होती थी वहां बरसात होने लगी है। अतः सड़कों को बारहमासी बनाने के डिजाइन और सामग्री चयन में भी अनिचितता आ गई है। जलवायु बदलाव के हंगामे के बीच पहले की बनी सड़कों के आसपास का भी मौसम वैसा नहीं रह गया है जैसा उनके बनने के समय था। अतः पहले से बनीं सड़कों को भी ऑल वेदर रोड बनाने के लिए उसी तरह काम किए जाने की जरूरत है। जैसे हम उन भवनों को जो भूकम्प अवरोधी नहीं हैं; रिट्रोफिटिंग कर भूकम्प सहने लायक बनाते हैं। बारहमासी सड़कों के पुलों को भी बारहमासी होना है। बाढ़, नींव कटाव, पुलों के नजदीक अवैद्य खनन के अलावा जलवायु बदलाव के दौर में पुल के संदर्भ में एक अन्य तरह की चुनौती भी आ रही है। चूंकि नदियां अपनी राह बदल रहीं हैं इसलिए कई बार पुल निष्प्रयोजन भी हो रहे हैं। सच्चाई यह भी है कि हर मौसम पर खरी रहने वाली सडक्क भी हर मौसम में यातायात की गारंटी नहीं हो सकती है। सड़कें भले ही मौसमी मार झेल ले उनका कुछ न बिगड़े परंतु विपरीत मौसम की मार वाहन या यात्री झेलने में असमर्थ रहते हैं। उन्हें आगे न बढ़ने की चेतावनियां भी देनी पड़ती है। उदाहरण के लिए आयरलैंड में वाहन चालकों को तेज हवाओं की चेतावनी देते हुए सीमित गति रखने को कहा जाता है। समुद्रों के पास जो सड़कें हैं उनमें तूफानी हवाओं और लहरों में यातायात न जारी रखने की चेतावनियां दी जाती हैं। इसी प्रकार सुरंगों के मुहानों पर बर्फ जम जाती है तो सुरंगों का तो कोई नुकसान नहीं होता है किंतु यातायात बाधित हो जाता है। वैज्ञानिक राय है कि बारहमासी सड़कों के बगल से या भीतर से जो गैस पाइपें, सीवर लाइनें, बिजली की तारें पानी की पाइपें आदि गुजरती है या गुजरेंगी जलवायु बदलाव के बीच गिरते बढ़ते तापक्रम में वे कैसी प्रतिक्रियाएं पैदा करती हैं उनका भी असर निर्माण सामग्री चयन के दौरान संज्ञान में रखा जाना चाहिए। सतत विकास व जलवायु बदलाव के प्रत्युत्तर में सड़क इक्कीसवीं सदी में बनाई जा रहीं हो तो इन बातों पर भी ध्यान दिया जाना आपेक्षित है कि उनसे जलवायु बदलाव से जुड़ी समस्याएं और न बढ़ें, जैव विविधता पर संकट न आए और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े।

प्राकृतिक संसाधनों का कम-से-कम उपयोग हो पर्यावरण हानि कम से कम हो। शोर कम हो। ईधन की खपत कम हो आदि। विडंबना है कि जलवायु बदलाव अनुकूलन के प्रत्युत्त स्वरूप जो बारहमासी सड़के बनाई जा रहीं हैं आपेक्षित रूप से ग्रीन रोड होने के बजाय उनके निर्माण में कतिपय संवेदनशील क्षेत्रों में भी हजारों पेड़ काट दिए जाते हैं। भूमिगत जलस्त्रोत प्रणालियां ध्वस्त की जाती हैं। हजारों टन मलबा नदियों में डाल दिया जाता है। जैवविविधता के प्रति भी संवेदनशीलता नहीं बरती जाती है व निर्माण के दौरान कम-से-कम कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईधन पर ध्यान नहीं दिया जाता है। वास्तव में आल वेदर रोड से ज्यादा जरूरी आल टाइम उपयोग की सड़कों पर काम करने की जरूरत है। सड़कों पर पर्याप्त रोशनी के लक्ष्यों पर तो अभी बात ही नहीं हो रही है। राजनैतिक कारणों से कमजोर भूगर्भीय संरचनाओं पर सड़कों के बनाने के दबाव से भी उबरने की जरूरत है।

ओबरा पीजी कॉलेज में स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के तहत प्रचार प्रसार करते हुए निकली गई रैली।

संस्कार उजाला
क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रैली निकाल कर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का प्रचार प्रसार किया गया। रैली की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि आने वाले समय मे प्लास्टिक प्रदूषण से सामान्य जन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है इसलिये इसका निस्तारण करना अति आवश्यक है। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महीप कुमार के द्वारा किया गया। सभी स्वंय सेवी पंक्तिबद्ध होकर महाविद्यालय से निकलकर मलिन बस्ती खैरटिया ग्राम सभा तक गये। रास्ते मे प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देते हुए 'कम प्लास्टिक अधिक जीवन', 'हम विकास चाहते है, प्लास्टिक प्रदूषण नही', 'पृथ्वी को लैमिनेट मत करो', इत्यादि प्रेरित नारे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. तुहार मुखर्जी के साथ साथ छात्र छात्राओं में विकास, आनंद, सुमेधा, वंशिका, आमना, खुशी, रिया, नैना, प्रिंस, सतीश, आशीष, सत्यम, नितेश इत्यादि उपस्थित रहे।

बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित प्रिया हॉस्पिटल को सीएमओ ने किया सील चिकित्सकों में मचा हड़कंप

संस्कार उजाला

हापुड़/जिले में बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पतालों के संचालन पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कड़े कदम उठाने के साथ की गई कार्यवाही से चिकित्सकों में मचा हड़कंप। बता दें कि जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी के द्वारा जिले में बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पतालों पर कार्यवाही करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते हापुड़ के मेरठ रोड पर स्थित प्रिया अस्पताल जांच के दौरान बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित होता पाया गया। जिसको जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के आदेश पर एसीएमओ डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा प्रिया अस्पताल पर सील करने की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा की गई इस कायार्वाही से डाक्टरों में हड़कंप मच गया। और आनन फानन में क्लीनिक बन्द कर नौ दो ग्यारह हो गये। वहीं इस कार्रवाई को लेकर सी एम ओ डाक्टर सुनील कुमार त्यागी का कहना है कि जिले में बगैर रजिस्ट्रेशन किसी भी अस्पताल का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पतालों पर सीलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी।

संक्षिप्त डायरी

पशुओं की देखरेख करने वाले नौकर पर किया बलकटी से जानलेवा हमला पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव में पशुओं की देखभाल करने वाले नौकर पर सोते समय बलकटी से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताने की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सलारपुर निवासी शिवनाथ पुत्र वीर सिंह ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि संजीव पुत्र धर्म सिंह निवासी मुबारकपुर सम्भल उसके पशुओं की देखरेख करता है। जिसके चलते संजीव 22 सितंबर की रात्रि में समय लगभग 9:00 बजे घर में पशुओं के पास सोया हुआ था। तभी अचानक रात्रि मे गांव के ही रहने वाले ओमपाल पुत्र देवी सहाय ने संजीव को जान से मारने की नीयत से बलकटी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें संजीव को आनन-फानन में सी एचसी सिखेड़ा ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया।जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उपचार चल रहा है। वही इस मामले में थाना प्रभारी श्यौपाल पाल सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मु०अ०स०0264/24/धारा 109/333/118/351(2)351(3) बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

सिंभावली पुलिस ने पांच जुआरियों को ₹1200 की नगदी 52 पत्ते ताश की गड्डी सहित किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा



गढ़मुक्तेश्वर/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा नशीले मादक पदार्थों की तस्करी/जुआ सट्टा/अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध घर पकड़ को लेकर अभियान चलाने के साथ अपराधियों पर कमर तोड़ कार्यवाही करने के चलते सिंभावली पुलिस के उप निरीक्षक विकेश कुमार के द्वारा रात्रि में सघन चेकिंग के दौरान डिबाई नहर पुल के पास बनी नर्सरी एवं पानी की चक्की के एक टूटे-फूटे मकान में जुआ खेलते हुए पांच जुआरियों परवेज अली पुत्र सदाकत अली, कादिर पुत्र इंसाफ अली, मौहम्मद सहरियाब पुत्र जाहिद, हसन पुत्र लुत्फ अली, जिया उलहक पुत्र जान मौहम्मद, को मौके से गिरफ्तार कर इनके निशानदेही पर ₹1200 की नगदी 52 पत्ते ताश की गड्डी बरामद कर सार्वजनिक जुआ खेलने की धारा 13 अधिनियम एक्ट 1867 के तहत विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

सड़क हादसे में पिता की मृत्यु के उपरांत पुत्र ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध कराया मुकदमा दज

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 9 पर 5 सितंबर को हुई सड़क दुर्घटना में पिता की मौत के मामले में बेटे ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर देकर कराया मुकदमा दर्ज। बता दे की पीड़ित अधिवक्ता अशोक वीर ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि वह 5 सितंबर को समय लगभग 2:30 पर अपनी कार टाटा टियागो रजिस्ट्रेशन संख्या वढ ऊ्र 3766 से गाजियाबाद से अपने पिता राम प्रकाश उर्फ ओम प्रकाश पुत्र गोविंद यादव 65 वर्ष के साथ कार से सवार होकर अपने गांव नौसाना स्योडारा बिलारी मुरादाबाद के लिए जा रहे था। जैसे ही उनकी कार नेशनल हाईवे 9 पर सिखेड़ा गांव के सामने पहुंची। तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे गाड़ी डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई थी।और इस सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिंभावली पुलिस ने पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिखैडा पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान पीड़ित के पिता राम प्रकाश उर्फ ओम प्रकाश पुत्र गोविंद यादव 65 वर्ष की मौत हो गई थी। जिसको लेकर पीड़ित अधिवक्ता ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

पुष्पावती पूठधाम गंगा घाट पर गांव की नालियों के गन्दे पानी से श्रद्धालुओं को हो रही भारी परेशानी

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव पूठ में मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नमामि गंगे के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए। पुष्पावती पूठ धाम गंगा घाट पर गांव की नालियों से निकलने वाले गंदे पानी से कीचड़ होने के चलते शिव गंगा रजिस्टर्ड आरती के महामंत्री विनोद कुमार शर्मा ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी के समाधान करने की मांग की है। बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर तहसील के परगना पूठ गांव में प्राचीन काल से मोक्षदाय ने पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने वालों का तांता लगा रहता है। और अपने आप में पुष्पावती पूछ धाम को श्रद्धालुओं के एक आस्था का केंद्र भी माना जाता है। जिसको लेकर नमामि गंगे के द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया का स्नान घाट बनाया गया है। लेकिन पूठ गांव का गंदा पानी गंगा घाट पर पहुंचने से श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। जिसके चलते लाखों करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया। पुष्पावती पूठ धाम गंगा घाट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अब देखना यह है कि जिला पंचायत राज अधिकारी मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया के घाट के द्वारा बहाएं जा रहें आंसुओं को पोंछ पाते हैं या नहीं।

गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अनूपपुर डिबाई में सार्वजनिक शौचालय पर लटका ताला गांव में गंदगी का अंबार कब्रिस्तान में पानी भरने पर मुर्दे भी हो रहे परेशान

संस्कार उजाला

अमित शर्मा गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के विकासखंड गढ़मुक्तेश्वर में अधिकारियों के द्वारा सार्वजनिक शौचालय निरीक्षण कृत कार्य की सार्वजनिक शौचालय पर लटका ताला, गांव में गंदगी का अंबार और कब्रिस्तान में पानी भरने पर मुर्दे परेशानी की जमीनी हकीकत को खुद कर रहे बयान। बता दें कि योगी सरकार के द्वारा धरातल पर जनता जनार्दन को सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने को लेकर तैयार किया जा रहे। ढांचे को सरकारी विभागों में तैनात अधिकारी कर्मचारी बखूबी पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अनूपपुर डिबाई में देखने को मिल रहा है। जिसमें सार्वजनिक शौचालय अधिकारियों के निरीक्षण में दुरुस्त है। लेकिन घास फूस के बीच सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है। और गांव में गंदगी का अंबार लगा होने के साथ कब्रिस्तान में भरा पानी ग्राम प्रधान के द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों एवं अधिकारियों के द्वारा की जाने वाली कार्य शैली की जमीनी हकीकत की खुद पोल खोलते हुए कब्रिस्तान में दफन मुर्दे कब्रिस्तान से पानी निकाले जाने को लेकर अपनी बदहाली पर आंसू बहाते हुए आला अधिकारियों के आदेश बाट जोह रहे है।

पशुओं की देखरेख करने वाले नौकर पर बलकटी से जानलेवा हमला करने वाले युवक को पुलिस पुलिस ने किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव में पशुओं की देखभाल करने वाले नौकर पर सोते समय बलकटी से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।जिसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सलारपुर निवासी शिवनाथ पुत्र वीर सिंह ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि संजीव पुत्र धर्म सिंह निवासी मुबारिकपुर सम्भल उसके पशुओं की देखरेख करता है। जिसके चलते संजीव 22 सितंबर की रात्रि में समय लगभग 9:00 बजे घर में पशुओं के पास सोया हुआ था। तभी अचानक रात्रि मे गांव के ही रहने वाले ओमपाल पुत्र देवी सहाय ने संजीव को जान से मारने की नीयत से बलकटी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें संजीव को आनन-फानन में सी एचसी सिखेड़ा ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया।जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उपचार चल रहा है। वही इस मामले में थाना प्रभारी श्यौपाल पाल सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मु०अ०स०0264/24/धारा 109/333/118/351(2)351(3)बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विंध्य कोरिडोर में पान खाकर थूकने पर ईओ जी लाल ने लगाया जुमार्ना

संस्कार उजाला

मीरजापुर। विंध्य कोरिडोर में पान, गुटखा खाकर गंदगी फैलाने वाले लोगों पर जिला प्रशासन द्वारा जुमार्ने करने का निर्देश दिया गया है।इसी निर्देश के क्रम में ईओ जी लाल विंध्यधाम पहुंचे जहा टटहैया रोड निवासी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता द्वारा पान खाकर थूकने पर हिदायत देते हुए पांच सौ रूपया का जुमार्ना लगाया गया एवं उनके साथी राजू अग्रवाल पुत्र स्व.जगदीश प्रसाद अग्रवाल भी गुटखा खाते हुए पकड़े गए जिन्हें भविष्य में गुटखा न खाकर कोरिडोर आने की हिदायत दी गई है। ईओ ने कहा की आगामी नवरात्रि मेला और विंध्य कोरिडोर में पान, गुटखा आदि खाकर गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।इस मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ,सफाई नायक मंगल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

श्री राम कथा समिति का भूमि पूजन कार्यक्रम सकुशल हुआ संपन्न

संस्कार उजाला
क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। ओबरा थाना कस्बा स्थित आरती चित्र मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा समिति द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराया गया। आपको बता दे की ओबरा स्थित आरती चित्र मंदिर प्रांगण में आगामी 3 अक्टूबर से 11अक्टूबर तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन होना सुनिश्चित है। यह कथा अंतरराष्ट्रीय श्री राम कथा वाचक परम पूज्य श्री राजन जी महाराज के मुखारविंद से होना है। जिसकी तैयारियां आज से शुरू कर दी गई है। जिसकी शुरूआत आज भूमि पूजन के साथ कर दिया गया। यह भूमि पूजन का कार्यक्रम कमलेश्वर केसरी जी के हाथों से संपन्न कराया गया। वही श्री राम कथा आयोजन समिति के पदाधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला कि इस प्रकार की भव्य कथा का आयोजन ओबरा में ही नहीं बल्कि पूरे सोनभद्र में पहली बार होने जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 दिवसीय इस कथा में ओबरा ही नहीं बल्कि पूरे सोनभद्र से श्रोताओं का आवागमन रहेगा। इस कथा में लाखों की संख्या में भक्त उपस्थित रहेंगे। वही समिति के सदस्यों ने बताया कि हमने इस कथा का निमंत्रण पूरे सोनभद्र वासियों को दिया है। साथी हमारे समिति इस कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर कर रही है। जिससे हम इस कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करा सकें। इसी क्रम में समिति के आयोजक/कोषाध्यक्ष देवेंद्र केसरीजी ने बताया कि समिति के संरक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में ऐसे बृहद एवं भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। हमारी समिति ओबरा नगर के समस्त वासियों से निवेदन करती है कि आप सभी कथा स्थल पहुंच कर श्री राम कथा को श्रवण कर पुण्य के भागी बने। इसी क्रम में इस कथा का सफल आयोजन करने के लिए मात्र शक्तियों का भी बहुत बड़ा योगदान प्राप्त हो रहा है। जिसमें श्रीमती नीता चौबे, निर्मला भटनागर, उषा शर्मा, सरिता सिंह, प्रियंका सिंह भी जोर-शोर से लगी हुई है। वही इस कार्यक्रम के अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीनदयाल केसरी, सहित सभी पदाधिकारी धुरंधर शर्मा, कपूर चंद्र पांडे, पुष्पराज पांडेय ,वीरेंद्र श्रीवास्तव ,राजीव वैश्य, संजीत चतुर्वेदी मीडिया प्रभारी जयशंकर भारद्वाज, विवेक मालवीय, कृष्णा केशरी,अशोक सिह, अजय तिवारी,राजेश जिंदल, नन्द लाल पाण्डेय,जय प्रकाश केशरी, जल पुरुष रमेश सिंह यादव ,नवीन श्रीवास्तव ,विकास सिंह, पूर्व नगर पंचायत प्रतिनिधि संजय बैसवार, अरविंद सोनी ,समीर माली, राहुल प्रताप सिंह ,विनोद केसरी, तारकेश्वर केसरी, जितेंद्र केसरी ,सुनील सिंह ,अभिषेक सेठ के साथ समिति के सारे सदस्य उपस्थित रहे

नगर पंचायत ओबरा में व्याप्त भ्रष्टाचार व जनसमस्या को लेकर राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

डीएम द्वारा करवाये गए भ्रष्टाचार जांच कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की मांग

डिग्री कॉलेज के आस पास लगभग 9 लाख रुपए से ज्यादा का जेएसबी भुगतान

नगर पंचायत में मनमानी कर्मचारियों की नियुक्ति, मनमाना पद,बिना काम के वेतन

संस्कार उजाला
क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र/ओबरा। उ०प्र०की योगी सरकार में भ्रष्टाचार पर सीधा वार अभियान जारी हैं उसके बाद भी नगर पंचायत ओबरा में भ्रष्टाचार जारी है नगर पंचायत ओबरा में वर्तमान कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों में अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी सोनभद्र को किया गया था जिसके बाद कमेटी का गठन किया था परंतु जॉच रिपोर्ट का कोई पता नहीं चला। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव गोंड के ओबरा नगर पंचायत में एक कार्यक्रम के दौरान सेवा ही संकल्प के टीम द्वारा यह मांग किया गया की न०प०ओबरा की जिलाधिकारी सोनभद्र महोदय द्वारा बीते दिनों शिकायत पर जाँच कमेटी गठित किया गया था जिसकी जाँच रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाये उस मामले में क्या कार्यवाही हुवा,पुरे नगर मे भस्सी व जेएसबी के नाम से फर्जी भुगतान लिया जा रहा है उदाहरण के तौर पर वर्तमान तहसील मार्ग पर व नया निर्माण हो रही तहसील मार्ग पर लगभग 10 लाख का भुगतान लिया गया हैं व इसके अलावा भी लाखों, करोड़ों का गोलमाल किया जा रहा हैं,कई वार्डो मे साफ सफाई व अन्य कार्य नहीं किया जा रहा है यह बताया जा रहा यह क्षेत्र टूट मे आ गया है जहा अभी भी आदमी निवास कर रहे हैं,पुरे नगर लाईट के नाम मनमानी भुगतान किया जा रहा है जबकि आवश्यकता वाली जगहों पर लाइट नहीं लगाया जा रहा हैं,पुरे नगर मे स्वच्छ पानी के लिए लगे आरओ प्लांट खराब या बंद है व सप्लाई वाला पानी भी गन्दा आ रहा है,मनमानी तरिके से आय दिन कर्मचारियों की भर्ती किया जा रहा है जबकी नियमानुसार कोई भी नियुक्ति नही हैं ज्ञापन सौंपने के दौरान राकेश केशरी,मनीष विश्वकर्मा, वीरेंद्र मित्तल अन्य लोग मौजूद रहे। मामले में राज्य मंत्री संजीव गोंड जी कहा अगर शिकायत पत्र में दिए गए मामले कि जॉच कर अवश्य कार्यवाही किया जायेगा।

अजय कुमार शुक्ला बने उत्तर प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फैडरेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष

संस्कार उजाला
अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र

रॉबर्ट्सगंज,सोनभद्र। जनपद सोनभद्र की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से लगातार 25 वर्षों से निर्विरोध जिलाध्यक्ष रहे अजय कुमार शुक्ला को संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक काम करने के लिए बीते सोमवार को ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा झांसी के ओरछा पैलेस में एक दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश फेडरेशन का सी.डब्ल्यू.सी सदस्य निर्वाचित किया गया और उत्तर प्रदेश पूर्वी का निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु व झांसी सांसद अनुराग शर्मा एवम विशिष्ट अतिथि के रुप में ड्रग कंट्रोलर भारत सरकार, शशि मोहन, उप्र. केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी, महामंत्री सुरेश गुप्ता उपस्थित रहें। इस दौरान एसोसिएशन के नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र श्री रामलला की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद सोनभद्र में अजय शुक्ला को उत्तर प्रदेश पूर्वी का क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने का समाचार मिलते ही जनपद के दवा व्यवसायियों में खुशहाली छा गई।

मांची पुलिस द्वारा पॉस्को एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

संस्कार उजाला
अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।

सोनभद्र । अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मांची पुलिस टीम द्वारा थाना मांची पर पंजीकृत मु0अ0सं0-40/2024 धारा 65(1), 137(2) बीएनएस व श(2), पॉस्को एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त रामबाबू उर्फ बाबूराम पुत्र विफन चमार निवसी चकया थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष को ग्राम मझुई के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

संक्षिप्त डायरी

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से की मुलाकात

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से जूझ रहे गांव वालों ने मंगलवार को बिजली विभाग के अधिकारीगणों से संपर्क किया। सब स्टेशन तुलसीनगर व पपरेन्दा के विभिन्न गांवो महोखर, बरगहनी, पचनेही तथा मवई जमालपुर व लामा व अन्य गांवो व क्षेत्र के लोगों को बिजली की हो रहीं समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बातचीत की। बताया गया कि कभी एक घंटा तो कभी दो घंटा एवं रात में भीषण बिजली कटौती होती है, इस तरीके से गांव में बिजली मिल रही है। इस भीषण गर्मी में आम जनता परेशान एवं बेहाल है तथा बिजली नहीं मिलने पर किसानो की सिंचाई भी बाधित हैं जो की एक जन समस्या है। क्षेत्र में हमेशा लो, वोल्टेज एवं जर्जर तार की समस्याएं बनी हुई है। बताया गया कि बिजली के संबंध में बिजली विभाग के चीफ साहब व एसी साहब से इस सम्बन्ध में बैठ कर बात की व उन्हें हो रहीं समस्याओ से अवगत करवाया तो तत्काल प्रभाव से जेई को बुलावाकर चल रहीं बिजली की समस्यायों को सही करवाने के लिए हिदायत देते हुये आदेशित किया। इस दौरान ग्रामीणों को अस्वस्थ किया की जल्द इन समस्याओं से क्षेत्रवासियों को निजात मिलेंगी। इस दौरान राहुल तिवारी, राहुल सिंह, भूपेन्द्र यादव, अंकुर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

नवरात्रि पर्व को लेकर आयोजित हुई बैठक

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा के प्रसिद्ध महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को बांदा केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आगामी 03 अक्टूबर दिन गुरुवार प्रारंभ होने वाले नवदुर्गा महोत्सव को भव्य एवं सुंदर ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए सभी के सुझाव लिए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने की, संचालन महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत ने किया। समिति के प्रमुख संरक्षक के राजकुमार शिवहरे (पूर्व विधायक) ने बताया नवरात्रि महोत्सव के व्यवस्थाओं के संदर्भ में 28 सितंबर को सुबह 11:00 बजे जिलाधिकारी को समिति के द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा एवं नगर के समस्त पंडालो की एक आवश्यक बैठक 30 सितंबर को की जाएगी। जिसमें सभी लोग सादर आमंत्रित हैं। समिति के संरक्षक चंद्र मोहन बेदी ने जिला प्रशासन से मांग की 9 दिन मांस मदिरा की दुकानों खुलने पर प्रतिबंध लगाया जाए। संरक्षक प्रभाकर सिंह चंदेल ने कहा की सभी दुर्गा समिति द्वारा जो भी अच्छे पंडाल अनुशासन स्वच्छता और विसर्जन जुलूस में अपना प्रदर्शन अच्छा करते हैं तो समिति के द्वारा उनको भी पुरस्कृत किया जाना चाहिए। संरक्षक प्रकाश साहू योग गुरु ने बताया कि सभी पंडाल वालों की एक बैठक का आयोजन जल्दी से किया जाना चाहिए जिससे उनकी भी कोई समस्या हो उसका भी शीघ्र निदान कराया जाना चाहिए।गोपाल चंद्र अवस्थी मल्लू महाराज ने कहा सभी पंडाल वालों को 9 दिन बहुत ही मधुर ध्वनि से भजन बजना चाहिए और पंडाल के आसपास स्वच्छता और अनुशासन रखना चाहिए। संरक्षक डॉक्टर दिनेश दीक्षित ने सभी से अनुरोध किया की विसर्जन वाले दिन सभी लोग एक तरह की ड्रेस पहन कर आवे जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू ने आश्वासन दिलाया कि नवरात्रि की पहले से जो भी समस्या है उसका शीघ्र निदान कर दिया जाएगा और विसर्जन घाट को शीघ्र कंप्लीट कर दिया जाएगा। संरक्षक वीरेंद्र साक्षी ने 12 अक्टूबर को विसर्जन शोभायात्रा जिसको हम लोग बड़ी भव्यता से मनाते हैं और इस वर्ष भी धूमधाम से मनाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तम सक्सेना, वृंदावन वैश्य, शशि भूषण द्विवेदी राजू, मनीष नगरिया, घनश्याम सिंह राजपूत, अभिषेक पांडे, सचिन चौरसिया चीता, सुरेश गुप्ता कान्हा, अमित गुप्ता मनीष, अवधेश गुप्ता, रुपाणी नईम नेता, निशांत खैरा, अविनाश निगम, संतोष कॉल, दिव्यांशु मिश्रा, कुलदीप नामदेव, दीपक अवस्थी, हिमांशु गुप्ता, निर्भय कुमार गुप्ता, सुशील अग्रवाल राहुल गुप्ता, सागर गोयल अजय निषाद, छोटू धुरिया राकेश लखेरा, विमल निगम, पुष्पेंद्र दीक्षित राकेश राजपूत, पवन सैनी महेश प्रजापति विनय राजपूत, डॉक्टर रमाशंकर राजपूत, मयंक निगम, राहुल गुप्ता, रवि साहू , सागर गोयल, राजू मिश्रा, समिति के सदस्य उपाधिकारी उपस्थित रहे।

एनसीईआरटी शिक्षक कवि सम्मेलन में सहभागिता हेतु चुनी गईं बाँदा की शिक्षिका ज्योति विश्वकर्मा

संस्कार उजाला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ऐसी शैक्षणिक संरचना की अनुसंशा करती है, जिसके मूल में भारतीय संस्कृति, सभ्यता और भारतीय ज्ञान की परम्परा निहित है राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को बनाए रखने के लिए हिन्दी ही वह भाषा है, जो राजभाषा की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है हिन्दी के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी, नई दिल्ली 'हिन्दी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन' के तहत एक कार्यशाला 'डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिन्दी का बढ़ता प्रभाव' प्रकरण पर आगामी 26 एवं 27 सितम्बर 2024, को कक्ष सं.202 सीआईईटी, एनसीईआरटी में आयोजित किया जाना है गौरतलब है कि जनपद बाँदा बड़ोखर खुर्द ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जारी १ की शिक्षिका ज्योति विश्वकर्मा कार्यशाला में भागेदारी हेतु चुनी गई हैं शिक्षिका का चयन हिन्दी दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग बागपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक कवि सम्मेलन हौसला में सुनाई गई उत्कृष्ट रचना के आधार पर किया गया है और अब हिन्दी पखवाड़े के समापन पर एनसीईआरटी द्वारा शिक्षक कवि आयोजित सम्मेलन को सार्थक बनाने हेतु ज्योति उक्त कार्यक्रम में सहभागिता कर बाँदा से शिक्षा विभाग व शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करेंगी। शिक्षिका अपने उत्कृष्ट अध्यापन से जुड़े कार्यक्रमों के लिए पूर्व में भी सम्मानित हो चुकी हैं इस नजरिए से भी कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने में सहयोग देकर हिन्दी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन को सार्थक बनाने हेतु शिक्षिका की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण होगा

जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा चीनी मिल मोदीनगर के पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गयी।

संस्कार उजाला

जलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा चीनी मिल मोदीनगर के पेराई सत्र 2023–24 के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि, चीनी मिल की कुल देयता 316.48 करोड रू. के सापेक्ष 211.76 करोड रू. का ही भुगतान किया गया है, जो कुल देयता का लगभग 66.91 प्रतिशत है। उक्त स्थिति पर जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा रोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा अभी शेष 104.72 करोड रू. के भुगतान करने के सम्बन्ध में प्रबन्धक (कामर्शियल), चीनी मिल मोदीनगर से जानकारी चाही गयी. जिसके क्रम में प्रबन्धक (कामर्शियल), चीनी मिल मोदीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि, चीनी मिल के पास लगभग 23.00 करोड रू. का चीनी एवं शीरे आदि का स्टाक शेष है, टैगिंग आदेशानुसार उपरोक्त स्टाक के मूल्य की 85 प्रतिशत धनराशि लगभग 19.55 करोड रू. है, जिसका भुगतान शीघ्र कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा अध्यासी, चीनी मिल मोदीनगर को पेराई सत्र 2023–24 के अवशेष गन्ना मूल्य का शत–प्रतिशत भुगतान आगामी पेराई सत्र 2024–25 से शुरू होने पूर्व करने के निर्देशित किया गया। यदि चीनी मिल प्रबन्धतंत्र द्वारा उक्त निदेर्शों का पालन नही किया जायेगा तो चीनी मिल प्रबन्धतंत्र के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक में श्री प्रदीप कुमार, जिला गन्ना अधिकारी, गाजियाबाद, श्री सुरेश शर्मा प्रबन्धक (कामर्शियल) एवं श्री डी.डी. कौशिक लाईजन अफसर उपस्थित रहें। (प्रदीप कुमार) जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद

थाने गेट सरेराह होती रही फायरिंग, पुलिस बनी रही तमाशबीन

संस्कार उजाला

जनपद शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। थाने के गेट पर सरेराह दबंग लाइसेंसी असलाह से फायरिंग करते रहे और पुलिस तमाशबीन बनी रही, आप इसका बात का अंदाजा लगा सकते है कि पुलिस कितनी सजग है। मदनापुर थाना क्षेत्र के कस्बा मदनापुर निवासी सतेंद्र सिंह ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया उनका इस्माईलपुर निवासी लाल सिंह उर्फ लाली हरविंदर सिंह उर्फ लाडी से रुपयों व कम्बाइन का लेनदेन का विवाद चल रहा था। जिसको लेकर एसओ मदनापुर ने दोनों पक्षो की पंचायत के लिए थाने बुलाया था। थाने में पंचायत चल रही थी कि हरविंदर सिंह उर्फ लाडी के साथ आये भूपेंद्र सिंह उर्फ बिन्दा व शरदवीर सिंह उसके साथियों ने पंचायत के दौरान सतेन्द्र सिंह को गाली गलौज करने लगे व थाने के बाहर आने पर देख लेने की धमकी देने लगे। जब सतेंद्र सिंह कुछ देर बाद थाने के बाहर निकले तो भूपेंद्र सिंह उर्फ बिन्दा ने लाइसेंसी असलाह से कई राउंड फायरिंग कर दी जिससे सतेंद्र सिंह ने भागकर जान बचाई। इस पूरे घटना क्रम को पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रही और दबंग थाने गेट पर सरेराह फायरिंग कर दहशत फैलाकर अपनी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। दोनो पक्ष थाने बुलाये गए थे लेकिन यह लोग थाने नही आ पाए थे बाहर ही ब्लॉक के पास फायरिंग हुई है लाडी सहित 6 लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू किया गया बरामद ।

संस्कार उजाला

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

गिरफ्तारी का विवरण –

जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व वारण्टी/वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 23/24.09.2024 की रात्रि को थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस सुन्दरपुर बिजली फीडर के पास भ्रमणशील थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 अभियुक्त को 01 अवैध चाकू सहित ग्राम सुन्दरपुर को जाने वाले रास्ते के पास से समय 06.30 बजे गिरफ्तार किया गया ।

पंजीकृत अभियोग–

1.मु0अ0सं0 253/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंण्डस कालोनी जनपद इटावा

गिरफ्तार अभियुक्त–

1.देवेन्द्र उर्फ शीलू पुत्र जयचन्द्र यादव निवासी ग्राम उत्तमपुरा थाना सैफई जनपद इटावा उम्र 20 वर्ष ।

आपराधिक इतिहास–

देवेन्द्र उर्फ शीलू पुत्र जयचन्द्र

1.मु0अ0सं0 286 /23 धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा

2.मु0अ0सं0 253/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंण्डस कालोनी जनपद इटावा ।

बरामदगी –

1.01 अवैध चाकू ।

पुलिस टीम झ्र निरीक्षक श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, उ0नि0 सौरभ सिंह, का0 योगेश कुमार मय टीम

भाकियू ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा जनपद में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि बैंक व राजस्व कर्मचारियों के द्वारा किसानों का खुलेआम उत्पीडन किया जा रहा है। वहीं कृषि बीमा के नाम पर हर वर्ष किसानों से पैसा लेकर उनकी फसल का बीमा कर तो दिया जाता है लेकिन नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा इन कंपनी के द्वारा नहीं दिया जाता। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इन कंपनियों के ऊपर कार्रवाई हो ताकि यह लोग किसानों के साथ छल न कर सके। साथ ही बाढ़ से बर्बाद हो चुकी फसलों का मुआवजा बीमा कंपनियों से दिलाया जाए। गायों को गौशालाओं में संरक्षित किया जाय ताकि किसानों की फसल का नुकसान न हो।

बच्चो ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ली शपथ, पोस्टर बनाकर दिखाई प्रतिभा।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र। जिला गंगा समिति सोनभद्र द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता व स्वच्छता शपथ मे जय ज्योति इंटर कॉलेज चुर्क के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला परियोजना अधिकारी, महेन्द्र गौतम ने सभी प्रतिभागी बच्चो को प्रोत्साहित कर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के लिए

1) नदी, पर्यावरण, वन एवं जल संरक्षण सम्बन्धी

2) प्लास्टिक प्रतिबन्ध एवं प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी

3) स्वच्छ भारत अभियान सम्बन्धी

विषयो पर चित्र बनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपप्रभागीय वनाधिकारी चुर्क, सोनभद्र, विनीत कुमार सिंह ने सभी बच्चो को सम्बोधित कर हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने व पर्यावरण को संरक्षित करने मे अपनी सहभागिता प्रस्तुत करने की अपील की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमिता पाण्डेय, डीपीओ महेन्द्र गौतम, विनोद कुमार वन दरोगा, चन्दन, वन रक्षक, रामनाथ वन विभाग कर्मी, व विद्यालय के अध्यापकगण आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा - प्रगति की कुंजी : देवेंद्र कुमार

संस्कार उजाला

माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तथा श्री मनसुख मांडवीया, माननीय कैबिनेट मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक माई भारत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज रामविहार, लोनी में आत्मविश्वास महिला मंडल के सहयोग से एक संगोष्ठी तथा स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा करना, गलियों में नालियों की सफाई करना लोगों में स्वच्छता के महत्व के मैसेज का प्रचार प्रसार करना तथा लोगों को जन भागीदारी के माध्यम से इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने युवाओं को टी शर्ट, कैप एवं ग्लवज वितरित किए तथा उन्हें संबोधित करते हुए बताया की स्वच्छता हमारे जीवन का एक उद्देश्य होना चाहिए तथा हमें अपने जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों में स्वच्छता को स्थान देना चाहिए जिससे हम स्वच्छता ही सेवा के शाब्दिक अर्थ को सार्थक बना सके। स्वच्छता हमारे स्वभाव और संस्कार का एक हिस्सा होना चाहिए ताकि हम इसका पालन कर सकें और अपने आने वाली पीढियां को भी यह संस्कार दे सके। इसके बाद सभी लड़कियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई गई ।अध्यक्ष मानसी ने सभी बालिकाओं को बताया कि हमें इस पखवाड़े में 155 घंटे अपने जीवन से निकाल कर समाज की सेवा में देने हैं ताकि हम समाज को एक स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें और एक पेड़ मां के नाम लगाकर हम अपने पर्यावरण को हरा–भरा बना सके । इसमें कुमकुम आयुषी खुशबू प्राची सीमा नेहा अंकिता शिवानी आदि आदि लड़कियों ने भाग लेकर समाज को स्वच्छ रखने में अपने योगदान को दशार्या और लड़कियों के आगे आने का उदाहरण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संयोजन पूर्व युवा स्वयंसेवक श्री तालिब लोनी ने किया। कार्यक्रम के संचालन में गुंजन शर्मा तथा प्रकाश तिवारी ने भी सहयोग किया।देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र गाजियाबादयुवा कार्यक्रम खेल विभाग एवं भारत सरकार

वांछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा 04 व थाना नरैनी पुलिस द्वारा 03 वारंटियों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय किया गया पेश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.09.2024 को थाना बबेरु पुलिस द्वारा अलग–अलग अभियोगों में 04 वारंटियों व थाना नरैनी पुलिस द्वारा 03 वारंटियों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय पेश किया गया

थाना बबेरु पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटी–

1.लखना पुत्र भूरा निवासी परसौली थाना बबेरु जनपद बांदा

2.शिव औतार पुत्र विशाल निवासी परसौली थाना बबेरु बांदा

3.उमाचरण पुत्र छोटेलाल निवासी हरदौली थाना बबेरु जनपद बांदा

4.श्यामाचरण छोटेलाल निवासी हरदौली थाना बबेरु जनपद बांदा

थाना नरैनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटी–

1.राजा यादव पुत्र गहरु यादव निवासी नसैनी थाना नरैनी जनपद बांदा

2.हीरालाल पुत्र भगवानदीन प्रजापति निवासी सरायजदीद थाना नरैनी जनपद बांदा

3.राजेश सिंह पुत्र सुमेर सिंह निवासी पिपरहरी थाना नरैनी जनपद बांदा

अवैध शराब की बिक्री करने वाले अभियुक्त को थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब पाउच बरामद

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शराब की बिक्री व निष्कर्षण करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम दुरेडी से एक अभियुक्त को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर अवैध देशी शराब पाउच बरामद हुआ है

बरामदगी–

45 क्वार्टर अवैध देशी शराब पाउच

गिरफ्तार अभियुक्त–

1.महिपाल सिंह पुत्र हिरा सिंह निवासी दुरेडी थाना मटौन्ध जनपद बांदा

गिरफ्तारी करने वाली टीम–

1.उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी

2.कां0 अश्वनी कुमार

3.कां0 शेखराजा

4.कां0 शिवम कुमार

प्रदेश स्तर सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ जिला स्तरीय ट्रायल

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट कमल सिंह यादव ने मंगलवार को बताया कि खेल निदेशालय तथा उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता जिसमे 16 वर्ष से कम और 55 किलो वजन या उससे कम होना चाहिए। ये प्रतियोगिता 28 से 30 सितंबर स्पोर्टस स्टेडियम कौशांबी में सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होनी है, जिसमे जिला स्तर ट्रायल संपन्न हुआ। जिसमें 20 बच्चियों ने प्रतिभाग किया, उन्ही के बीच आपस में मैच कराया गया जिसमें 10 बच्चियों का चयन मंडल के लिए हुआ। चयनित बालिकाओ में खुश्वबू, अतिराफा, जिया पायल, आफरीन, आस्था, रचना, संचिता, निशा, रेशमा कबड्डी रझोसिएशन के सभी सदस्य शामिल रहे। इस दौरान अध्यक्ष नितिन द्विवेदी, अंकित कुशवाहा, अंकित बासु, हर्षित सिंह, शंशाक शेखर, धनंजय सिंह, दीपांक मेहरा, मोहिल सिंह सचिव, कमल सिंह यादव ने इन सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट में की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक।

सरकार का लक्ष्य पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करना।

संस्कार उजाला
सलीम खान/आसिम अजीज

रामपुर। उत्तर प्रदेश राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्रभारी मंत्री ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभाग वार सभी विभागों के विकास कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य पात्र व्यक्तियों को प्रत्येक जन कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान करना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान रोड कटिंग के उपरांत रोड को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं को सख्त निर्देश दें कि पाइपलाइन बिछाने के उपरांत रोड की मरम्मत का कार्य भी समय से पूर्ण करें। सड़कों को दुरुस्त करने में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए क्योंकि इससे आम जनमानस को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विद्यासागर मिश्र ने बताया कि कानून व्यवस्था में जनपद रामपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण कर उसकी फीडिंग भी की जाती है। इस पर प्रभारी मंत्री ने प्रशंसा की। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य से संवाद बेहतर करें और स्थानीय स्तर पर ही उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क व बिजली की समस्या पर चर्चा किए जाने पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सड़कें व बिजली सभी के जीवनशैली को प्रभावित करती हैं इसलिए लोक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्यशैली में बदलाव करते हुए सही ढंग से कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्रत्येक दशा में सुनिश्चित होनी चाहिए और अनावश्यक तरीके से विद्युत कटौती किसी भी दशा में न की जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में जितने भी विकास कार्य हो रहे हैं उनकी नियमित मॉनीटरिंग अवश्य की जाए। सभी अधिकारी गण अच्छी मंशा व अच्छे भाव के साथ कार्य करें। सरकार उन्हें सुविधाएं व संसाधन दे रही है जिनका सदुपयोग करते हुए ठीक ढंग से अपनी जिम्मेदारियों/विभागीय कार्य संपादित करें। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं प्राथमिकता से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही जनसुनवाई और जन समस्याओं के निस्तारण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत ख्यालीराम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

अनमोल माण्टेसरी स्कूल में सत्र परीक्षा शुरू

सत्र परीक्षा में बच्चों के उत्तर पुस्तिका लेख और भाव-विचार परखने का मौका।

➢सत्र परीक्षा देते परीक्षार्थियों का निरीक्षण करते प्रधानाध्यापक बरकात अहमद।

➢परीक्षा के दौरान गहनता से की गई जांच, प्रथम दिन सकुशल परीक्षा संपन्न।

संस्कार उजाला
मिहींपुरवा/ बहराइच- गायघाट कस्बे के अनमोल माण्टेसरी स्कूल में सत्र परीक्षा शुरू हो गई। मंगलवार को हिन्दी की परीक्षा में सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे परीक्षा में बच्चों के अंदर के भाव-विचार पररखने का मौका होता है । गायघाट कस्बे के अनमोल माण्टेसरी स्कूल में सत्र परीक्षा के प्रथम दिन प्रवेश द्वार पर बड़ी गहनता से जांच की गई । प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने बताया कि हिंदी ,संस्कृत उर्दू , अंग्रेजी,गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के विषयों में बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने का पहला मौका है। उन्होंने कहा माह अप्रैल से लेकर अगस्त तक के मध्य पढ़ाए गए पाठों के आधार पर परीक्षा प्रश्न-पत्र तैयार कर परीक्षा कराई जा रही है। बच्चे इस परीक्षा में बड़े ही उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए हैं, पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण रूप में संपन्न हुई उन्होंने परीक्षा में सहयोग कर रहे सभी शिक्षकों का आभार जताया। प्रधानाध्यापक ने परीक्षा काल के दौरान बच्चों की परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के मौके पर प्रधानाध्यापक बरकात अहमद के साथ शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी, महेश कुमार ,मुजफ्फर अली मौजूद रहे।

युवा कार्यकर्ता गोष्ठी, नवदम्पति शिविर का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला
अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में शांति कुंज हरिद्वार द्वारा व प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा कार्यकर्ता गोष्ठी एवं नव दंपत्ति शिविर का आयोजन डॉ.हेडगेवार भवन संघ कार्यालय भवन प्रेम नगर सीतापुर में सम्पन्न हुआ। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया कि शांति कुंज हरिद्वार टोली और शिविर में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ वरिष्ठ प्रतिनिधि कैलाश नारायण तिवारी युवा समन्वयक प्रभा कर सक्सेना जिले के उन्निस ब्लॉको व जिला मुख्यालय शहर से कार्यक्रम में पहुंचे युवाओं और नव दंपत्ति जोड़ो को युग निर्माण दम्पत्ति जीवन और परिवार निर्माण युगऋषि प्रणीत सूत्रों के माध्यम से मार्ग दर्शन किया गया। दंपत्तियों को बताया गया कि अपने परिवार के बुजुर्ग माता पिता बच्चों बेटा बहू में आपसी समन्वय स्थापित कर प्रेम भाव से घर परिवार में रहा जाय और परिवार को अच्छे से संचालित किया जाये तो स्वर्ग की अनुभूति धरती पर ही होगी। शिविर में दो बजे से दंपत्ति जोड़ो को दो शरीर एक प्राण दंपत्ति जोड़ो को ध्यान कराया गया शादी की पुरानी यादों को अनुभूति करते हुये एक दूसरे के हाथ पकड़वा कर बचनों को पुनः दोहरवाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रांतीय प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा,अयोध्या जोन के समन्यवक मनीराम वर्मा संघ के विभाग कार्य वाहक के.के.प्रजापति युवा कार्यकर्ता गोष्ठी में युवाओं की प्रेरणा श्रोत रहीं हिन्दी की प्रोफेसर डॉ.पूनम सिंह व प्रोफेसर नेहा देवी हिंदू कन्या महाविद्यालय सीतापुर ने युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवा ही हमारे देश के कर्णधार है पूरे भारत देश के युवाओं पर ही युग निर्माण की जिम्मेदारी है।हम सभी युवा मिल कर युगद्रष्टा पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य के व युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारो को अपने में उतारने का प्रयास करें,जिससे हम युग निर्माण और राष्ट्र निर्माण के परिकल्पना की जो बात पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपनी पुस्तकों में की है वह हकीकत में जरूर स्वीकार होगी युवाओं को सोचने और आगे बढ़ने का समय आ चुका है युवा आगे आये और अपनी शक्ति को पहचानें। शिविर में युग निर्माण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के लिये गायत्री परिवार ने युवा सुपर 50 का आयोजन भी किया गया जनपद के सभी युवा 50 को शांति कुंज भेजा जाएगा शांति कुंज में गायत्री परिवार में युवाओं के प्रेरणा श्रोत देव संस्कृति विश्व विद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ.चिन्मय पंड्या के सानिध्य में युवाओं का मार्ग दर्शन किया जाएगा। और पंड्या जी के उद्बोधन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। जिला समन्यवक सीतापुर रामनरेश चौधरी,मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सीतापुर गंगा सागर वर्मा,मिशन कार्यकर्ता काशी राम वर्मा,अवधेश वर्मा ओम नरायन सिंह,डॉ.गंगा सागर सिंह,संजय रस्तोगी,शिक्षक अंजनी कुमार शुक्ल शंपा शुक्ला,नीरज शुक्ल,शालिनी शुक्ला,मनोज वर्मा, सोनिया रानी,एस.पी.सिंह,रजनी कटियार,श्रवण वर्मा, शुस्मिता पटेल,राजेश कुमार सिंह,संगीता सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे।

हस्ताक्षर हृदय पर -कविता संग्रह का हुआ विमोचन

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।
जिले के हरगाँव निवासी शिक्षक एवं कवि विनोद शर्मा सागर द्वारा रचित कविता-संग्रह हस्ताक्षर हृदय पर का विमोचन परिवर्तन फाउन्डेशन द्वारा आयोजित पंजाबी रसोई लखीमपुर के सभागार में सम्पन्न हुआ। सामाजिक सरोकारों के प्रातिभ रचनाकार विनोद शर्मा सागर का यह पहला कविता संग्रह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ द्वारिका प्रसाद रस्तोगी प्रान्तीय महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ गीता शुक्ला प्राचार्य आर्य कन्या डिग्री कॉलेज लखीमपुर, जोगिंदर सिंह चावला प्रबंधक गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर,शशांक यादव पूर्व विधान परिषद सदस्य,प्रतिष्ठित छंदकार एवं गजलकार आचार्य नंदी लाल निराश एवं शिक्षाविद आर डी वर्मा गुरुजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय भाषा संस्थान सूरत के अध्यक्ष डॉ गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर ने विनोद शर्मा सागर की कविता संग्रह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संग्रह की कवितायें मानवीय संवेदना एवं सामाजिक सरोकारों से हमें जोड़ती हैं।कवि सागर संवेदना एवं सरोकार के प्रतिभाशाली कवि हैं इनकी कविताएँ समाज के उपेक्षित वर्गों एवं मानव जीवन के संवेदन शील मुद्दों की वकालत करती हैं। पुस्तक की चर्चा करते हुए सिधौली के शिक्षक कवि देवेन्द्र कश्यप निडर ने कहा कि सागर जी की कवितायें भावात्मक उद्वेलन हैं साथ ही इनमें समाज के उपेक्षित जन की पीड़ा का परिचय भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में लघुकथाकार सुरेश सौरभ,ख्याति लब्ध आलेखक सत्यप्रकाश शिक्षक डॉ राकेश माथुर अधिवक्ता व कवि रमाकांत चौधरी,कवयित्री पिंकी प्रजा पति,दुर्गा प्रसाद नाग,कल्प राज सिंह,अमित मिश्र, आलोक सिंह,नितिन मिश्र, दीपू मिश्र तथा राहुल वर्मा के साथ विभिन्न जनपदों से आए शिक्षाविद,अधिवक्ता, साहित्यकार तथा पत्रकार गण उपस्थित रहे।

सेक्सुअल हरेसमेंट आफ वूमैन कमेटी की सदस्य बनीं शैलजा शुक्ल।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।
जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव की एक बालिका को सेक्सुअल हरसमेंट आफ वूमैन का कंप्लेंट कमेटी (sexual harasment of women at work place , में complaint committee) का मेंबर मनोनीत किए जाने के बाद लोगों का बधाई देने का सिलसिला जारी है। जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव निवासी शिक्षक आचार्य रामनरेश शुक्ल की पुत्री शैलजा शुक्ला को सेक्सुअल हरेसमेंट आफ वूमैन के कंप्लेंट कमेटी का सदस्य बनाया गया है। बताते हैं कि जिला जज मनोज कुमार,जिलाधिकारी अभिषेक आनंद,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल के साथ कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में तीन अन्य सदस्यो के साथ हरगांव के शिक्षक आचार्य रामनरेश शुक्ल की पुत्री शैलजा शुक्ला को भी नामित किया गया। मनोनयन पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खां,अनूप रस्तोगी, राकेश पाण्डेय, प्रताप तिवारी, सुनील गुप्ता विपिन बिहारी शुक्ल, संजय सिंह तोमर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

दिवंगत शिक्षक को शिक्षक साथियों ने दी श्रृद्धांजलि।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले के विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र के मंगरुआ बरियाडीह में तैनात रहे दिवंगत शिक्षक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरगांव के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह को आज दिनांक 24 सितंबर 2024 को बी आर सी हरगांव में शिक्षकों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य द्वारा देवेन्द्र कुमार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा शिक्षक संघ हरगांव के मंत्री विनय कुमार गिहार सहित बलबीर सिंह सुनील सिंह, शैलेन्द्र राज,आनंद अवस्थी, सुंदर लाल,रमाशंकर अवस्थी,बृजेश शर्मा, रामशरण तिवारी, इन्द्रसेन, बदर अखलाक, आशुतोष कुमार,सौरभ चौहान, मानवेन्द्र कुशवाहा तौसीफ, प्रेम शंकर,गौरव दुबे, जयहिंद सिंह,राजेश वर्मा, शालिनी बाजपेयी, आरती चौधरी, मदन लाल गौतम, विनोद शर्मा आदि शिक्षकों ने नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह पर होने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण सम्बन्धी सम्पन्न हुई बैठक।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।
मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दो अक्टूबर 2024 को गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण सम्बन्धी बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो अक्टूबर 2024 को गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यक्रम इस संबंध में जारी शासनादेश एवं निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्मान पूर्वक आयोजित किये जायें तथा गांधी जी के जीवन मूल्यों व आदर्शों पर आधारित धर्म,जाति,रंग आदि भेदभावों को मिटाकर निर्बल वर्ग के कल्याण सम्बन्धी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता,भाई चारा तथा प्रगति के मार्ग पर अबाध गति से अग्रसर होने का सभी संकल्प लें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये हैं वह पूर्ण निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करें। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिये कि जनपद की सभी मूर्तियों पर परम्परागत रूप से माल्यार्पण कराया जाये। उन्होंने कहा कि नगर में स्थित सभी मूर्तियों की साफ -सफाई, रंगाई पुताई व मरम्मत का कार्य समय से पूर्ण किया जाये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्ण निष्ठा के साथ आयोजन हेतु सभी प्रबंध सुनिश्चित करें तथा हर्षोल्लास एवं सादगी के साथ आयोजन कर गांधी जी के विचारों को आम जन मानस तक पहुंचायें। उन्होंने मुख्य चौराहों की साफ-सफाई,चूना छिड़काव सजावट एवं रामधुन बजाये जाने हेतु निर्देश देते हुये कहा कि सभी संयोजक आपसी समन्वय स्थापित करते हुये कार्यक्रमों का निर्धारण करें तथा होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पहले से ही तैयार कर ली जाये। उन्होंने बैठक के दौरान गणमान्य नागरिकों के स्तर से प्राप्त सुझावों पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच की हुई बैठक।

पेंशन आक्रोश मार्च की तैयारी को लेकर हुआ विचार विमर्श।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।
अटेवा पेंशन बचाओ मंच इकाई ब्लॉक परसेंडी की मीटिंग कृष्णा इण्टर कॉलेज मजलिसपुर में आयोजित की गई। बैठक में छब्बिस सितम्बर 2024 को ₹पेंशन आक्रोश मार्च₹ की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आर के अहिरवार ने की। बैठक में आर के अहिरवार ने समस्त पेंशन विहीन कर्मचारियों का आवाह्न करते हुए कहा कि अपने हक की लड़ाई में सभी को एकजुट होकर के प्रतिभाग करना होगा, तभी पुरानी पेंशन बहाल होगी। जिला मंत्री व मछरेहटा ब्लॉक संयोजक दीपक वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है। जब देश के राजनेता पुरानी पेंशन ले रहे हैं तो कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने में सरकार को क्या दिक्कत है।ब्लॉक संयोजक आलोक अवस्थी ने समस्त विभागों के पेंशन विहीन कर्मचारियो से 26 सितंबर 2024 को जिले के राजकीय इण्टर कॉलेज के ग्राउंड से ₹पेंशन आक्रोश मार्च₹ में शामिल होने की अपील की। जिला संगठन मंत्री विवेक विश्वकर्मा ने एनपीएस यूपीएस और निजीकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सरकार ने हमें पेंशन के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है। निजीकरण के कारण आम लोगो की पीढियां बर्बाद हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। बैठक का संचालन जिला संगठन मंत्री अनिल सिंह ने किया। बैठक में ब्लॉक कोषाध्यक्ष अपूर्व वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, मृदुल टंडन, प्रेमचंद,अशोक गुप्ता, विकास सिंह, योगेश कुमार यादव, ओम प्रकाश, सौरभ कुमार वर्मा, आलोक कुमार मिश्र,संजय कुमार,रवि सिंह विशाल सरोज,कविता, भवानी शंकर, स्वतंत्र सिंह, आशुतोष मिश्रा, बिंदेश्वरी तिवारी, रविकांत गुप्ता, दशरथ सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, आदि भारी संख्या में पंचायती राज एवं अन्य विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। जिला संगठन मंत्री ने पेंशन हक है लेकर रहेंगे के उद्देश्य से बैठक को सफल बनाने के लिए बैठक में शामिल हुए सभी साथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षिप्त डायरी

अज्ञात कारणों के चलते लापता हुई महिला पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले के कस्बा लहरपुर नगर के मोहल्ला आजाद नगर कटरा निवासी कमरुल पुत्र मासूक अली ने लहरपुर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी तीस पत्नी सहनाज बीते सोमवार को सुबह लगभग 8:30 बजे से घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर पीड़ित पति ने लहरपुर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए गुमशुदगी दर्ज कर करवाई किये जाने की मांग की है। पीड़ित पति ने बताया कि उसकी पत्नी का स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण लखीमपुर ट्रामा सेंटर से उसका इलाज चलता था पत्नी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं रहता था। बीते सोमवार को बिना बताए घर से सहनाज लापता हो गई है। कई घंटे तक जब सहनाज घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने तलाश जारी की इसके बाद मंगलवार को पीड़ित पति ने लहरपुर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बरामदगी के सम्बन्ध में कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

कृषि भवन खैराबाद के सभागार में श्री अन्न उत्पादन के सम्बन्ध में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। उप कृषि निदेशक ने बताया कि दिनांक 24 सितम्बर 2024 को जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों व उनसे जुड़े किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) उत्पादन तकनीकी के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन खैराबाद के सभागार मे किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के कृषि वैज्ञानिक डॉ०योगेंद्र द्वारा किसानों को श्री अन्नों की खेती तथा इसकी उपयोगिता के विषय में प्रशिक्षित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र अंबरपुर की वैज्ञानिक डॉ०ऋचा सिंह द्वारा उपस्थित प्रशिक्षु एफ० पी०ओ०और किसानों को श्री अन्नों के विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों व श्री अन्न से निर्मित विभिन्न व्यंजनों को तैयार करने की विधियों के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि श्री अन्नों जैसे ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदों, रागी, मडुवा,काकुन आदि की खेती किसानों को समृद्ध बना सकती है। श्री अन्नों का रोग और कीटों से कम प्रभावित होना, उर्वरकों की कम खपत, कम समय में तैयार हो जाना इत्यादि श्री अन्नों के प्रमुख गुण है जिससे इनकी उत्पादन लागत बहुत कम हो जाती है जो इसे मुनाफे का सौदा बनाती है। उन्होंने बताया कि श्री अन्नों के पोषण गुणों के कारण पूरी दुनिया में श्री अन्नों की मांग बढ़ी है जिससे आगामी समय में इसका मूल्य तेजी से बढ़ेगा। अतः सभी एफ०पी०ओ० को श्री अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आगे आते हुए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि जनपद में श्री अन्नों के आच्छादन और उत्पादन बढ़ाए जाने सम्बन्धी गतिविधियों के क्रम में पचास कृषकों के एक दल को कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखण्ड) के लिए दिनांक 23 सितम्बर 2024 को रवाना किया गया है। इस दल में शामिल लोग किसान कृषि विश्व विद्यालय में श्री अन्न उत्पादन के सम्बन्ध में की जा रही उत्कृष्ट गतिविधियों का ऑनसाइट भ्रमण कर कृषि वैज्ञानिकों से इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे जो अन्य कृषकों में श्री अन्नों के उत्पादन के प्रति जागरूकता के प्रसार हेतु सहायक सिद्ध होगा।

पालिका अध्यक्ष ने श्री राम लीला स्थल का किया निरीक्षण।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले की नगर पालिका परिषद लहरपुर में होने वाली आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित श्री रामलीला को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के भव्य मंचन को लेकर बिंदुवार चर्चा की। ज्ञातव्य है, कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आगामी सात अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा।जिसको लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, ने आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ,प्रमोद कुमार टंडन, महामंत्री अखिलेंद्र यादव ने टीम के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री रामलीला मैदान की सफाई व्यवस्था, तीर्थ स्थल की सफाई, मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था, तीर्थ स्थल पर सेतु लीला, तीर्थ के चारों तरफ प्रकाश व्यवस्था,तीर्थ स्थल के चारों तरफ लाल पीली झालरों से सजावट सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कमेटी के द्वारा रखे गए सभी प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए कमेटी के सभी पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी होने नहीं दी जाएगी। उन्होंने इस मौके पर सफाई व बिजली व्यवस्था के लिए कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कमेटी के महामंत्रीअखिलेश यादव के आवास पर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार टंडन, महामंत्री अखिलेंद्र यादव, पंकज यादव,रिंकू यादव उमेश मेहरोत्रा, निखिल मेहरोत्रा,रामानंद अवस्थी, अतुल शुक्ला,बलराम लोधी कृष्णकांत मिश्रा,प्रेम प्रकाश पाण्डे, बलराम लोधी सहित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सीएचसी अधीक्षक व एसडीएम ने मारा छापा

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर
नानपारा बहराइच के नानपारा में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रा साउंड केंद्रो पर एसडीएम नानपारा अश्वनी पांडे व अधीक्षक नानपारा चंद्र भान राम के साथ आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण में सन शाइन डायग्नोस्टिक सेंटर, उन्नति डायग्नोस्टिक सेंटर, राज पैथोलॉजी व पाली क्लीनिक, आदित्य अल्ट्रासाउंड सेंटर, सहित आधा दर्जन डायग्नोस्टिक सेंटरों पर की छापेमारी एसडीएम ने बताया कि ज्यादातर अल्ट्रासाउंड मशीनों पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी बैठकर अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार कर रहे थे , एसडीएम नानपारा अश्वनी पांडे ने बताया कि रूटिंग औचक निरीक्षण में कई अल्ट्रासाउंड सेंटर पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी स्टाफ अल्ट्रासाउंड पर मौजूद थे पूरी रिपोर्ट सीएमओ साहब को भेजी जा रही है सीएमओ साहब के स्तर से इन सेंटरों पर कार्यवाही की जाएगी

बच्चों में बढ़ रहा बोन कैंसर का खतरा

एक्सपर्ट बोले-लक्षणों को लेकर रहे अलर्ट, बीमारी होने का सटीक कारण नहीं पता

लखनऊ। यदि बच्चे में अचानक से हाथ-पैर में सूजन आ रही है। बिना कारण दर्द हो रहा है या फिर चोट लगने के बिना ही फ्रैक्चर हो जा रहा है। ये लक्षण बोन कैंसर से जुड़े हो सकते हैं। ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने की जरूरत नही है। तत्काल किसी एक्सपर्ट चिकित्सक को दिखाने की जरूरत होती है। बोन कैंसर के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है, पर राहत की बात ये हैं कि बोन कैंसर होने पर 100 से 70 बच्चों का इलाज हो रहा है। ये कहना हैं बोन कैंसर सर्जन डॉ.अक्षय तिवारी का। उन्होंने बेहद खतरनाक इस बीमारी के लक्षण और बचाव को लेकर बातें बताईं। चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस

का महीना डॉ.अक्षय तिवारी ने बताया सितंबर महीने को दुनियाभर में चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस महीने के रूप में देखा जाता है। बच्चों में बोन कैंसर के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, पर सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज शुरू करने से उन्हें इससे निजात दिलाई जा सकती है। कंधे की हड्डी में कैंसर से पीड़ित बच्ची को मिला नया जीवन डॉ. अक्षय कहते हैं, कि इविंग साकोर्मा बोन कैंसर से जूझ रही 6 साल की बच्ची का इलाज क्रायो सर्जरी से किया गया। हर साल लाख बच्चों में से महज 3 या उससे भी कम बच्चों में ये कैंसर होता हैं। बच्ची का इलाज इनोवेटिव ट्रीटमेंट से किया गया। जिससे वो न सिर्फ कैंसर फ्री हो गईं, बल्कि बच्ची के कंधे ने भी काम करना शुरू कर दिया। दुर्लभ कैंसर से जूझ रही बच्ची का सफल इलाज डॉ.अक्षय ने बताया लखनऊ की रहने वाली 6 साल की बच्ची के कंधे में अचानक सूजन आ गई थी। परिवार ने पहले सोचा कि कोई चोट लगी होगी और कुछ समय इसका इलाज नहीं कराया गया। लेकिन जब सूजन बढ़ने लगी, तब परिवार को चिंता हुई जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टेस्ट कराए, जिसमें बोन कैंसर पाया गया। बायोप्सी होने पर इविंग साकोर्मा कैंसर होने का पता चला जो एक दुर्लभ और आक्रामक किस्म का बोन कैंसर होता है। परिवार के लिए ये जानकारी काफी परेशान करने वाली थी, लेकिन बाद में जब गहन जांच-पड़ताल की गईं तो पता चला कि कैंसर फैला नहीं हैं। इससे ठीक होने की उम्मीद जगी। शोल्डर ब्लेड (स्कैपुला) को हटाने के लिए सर्जरी करने की आवश्यकता थी, लेकिन दूसरी तरफ प्रीति के कंधे के मूवमेंट की भी चिंता थी। लिक्विड नाइट्रोजन से बोन को किया कैंसर फ्री कैंसर की हड्डी को हटाने के लिए रेडिकल सर्जरी की गई। टारगेट सिर्फ बीमारी को खत्म करना नहीं था, बल्कि बच्ची के कंधे के मूवमेंट को भी बचाना था। क्रायो थेरेपी और रिसाइकल्ड ट्यूमर बोन के री-इम्प्लांटेशन की दिशा कदम बढ़ाए गए। इस एडवांस तकनीक में, सर्जिकल टीम कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए लिक्विड नाइट्रोजन के जरिए प्रभावित हड्डी को जमा देती है, फिर इलाज के बाद हड्डी को शरीर में इम्प्लांट किया जाता है, जिसके इसकी फंक्शनिंग भी बची रहे।

राहत की बात ये रही कि बच्ची की सर्जरी सफल रही और उसे नया जीवन मिला।

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के संयुक्त सचिव बने डा नायक का हुआ स्वागत

संवाददाता

कुशीनगर। स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा. यू.एस. नायक के प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का संयुक्त सचिव चुने जाने पर समुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र के कर्मियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कुछ दिनों पूर्व हुए प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव में स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा. नायक को प्रांतीय संयुक्त सचिव चुने गए। इसके बाद मंगलवार को यहां तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएचसी पर उनको माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन का दायित्व अपने कर्मियों को उनका अधिकार दिलाने के साथ उनके विषम परिस्थितियों उनके हक की लड़ाई लड़ना है। इसमें मैं पीछे नहीं रहूंगा। स्वागत करने वालों में डा. साजिद हुसैन, डा. एचएन प्रसाद, डा. अखिलेश कुमार, डा. अंशिका राय, दिनेश राय, रुपेश यादव, नरेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश लाल श्रीवास्तव, अनुराग कुशवाहा, पंकज राय, अनुज तिवारी, विजय आदि शामिल रहे।

पारा में स्कूल वैन का एक्सीडेंट 4 बच्चे घायल, बच्ची की आंख में चोट





लखनऊ। के पारा इलाके में सैंट मैरी स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनीं दुकानों से टकरा गई। हादसे में कई बच्चों को चोट लगी है। इलाके के लोगों को कहना है कि वैन तेज रफ्तार में थी। मौके से पहुंची पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर बच्चों के उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक पारा इलाके के मुजफ्फर खेड़ा गांव के पास सैंट मैरी स्कूल की वैन (वढ-32 ल्ठ. 9012) खंबे से टकरा गई। वैन में 4- 5 स्कूल बच्चे बैठे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके से पहुंच गए। बच्चों के चेहरे पर चोटें आई हैं। एक बच्ची की आंख में चोट लगी है, वो कक्षा तीन की छात्रा है। वहां मौजूद लोगों को आरोप की वैन का ड्राइवर काफी तेज चला रहा था। जो हादसे की वजह बनी।पारा एसएचओ बृजेश कुमार वर्मा का कहना है कि सुबह 8 बजे करीब स्कूल की वैन एक बच्ची को बचाने के चक्कर में टकरा गई। वैन में 4- 5 बच्चे थे। एक बच्ची की आंख के नीचे चोट आई है। बाकी बच्चे सुरक्षित हैं।मौके से वैन ड्राइवर भाग गया है। वैन को कब्जे में ले लिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भोजपुरी जैसी मिठास किसी और भाषा में नहीं: नमिता पाण्डेय

संवाददाता

कुशीनगर। भोजपुरी बहुत ही सुंदर व समृद्ध भाषा है। इस भाषा की तरह मिठास किसी अन्य भाषा में नहीं है। यह करोड़ों लोगों की संस्कृति, बोली हैं। मुझें अपनी माटी की भाषा पर गर्व है। हमें भोजपुरी के सम्मान में आगे आकर उचित सम्मान दिलाना होगा। उक्त बातें बनारस की बेटी भोजपुरी फिल्मों व टीवी सीरियल में ऊंचा मुकाम हासिल कर चुकीं अभिनेत्री नमिता पाण्डेय ने कुशीनगर के साखोपार में एक भेंट के दौरान कहीं। वह भोजपुरी फिल्म ' सास की सगाई' की जनपद में चल रही शूटिंग में बतौर नायिका काम कर रही हैं। तीन बहनों में दूसरे नम्बर की नमिता स्नातक तक पढ़ाई करने के बाद कई निजी कंपनियों में नौकरी की लेकिन उन्हें रास नहीं आया। उन्होंने अभिनय क्षेत्र को चुना और मुश्किलों का सामना करते हुए हर एक किरदार



अभिनय के बल पर भोजपुरी फिल्मों व टीवी सीरियल अभिनेत्री नमिता पाण्डेय ने बनाया ऊंचा मुकाम

को बेहतर ढंग से निर्वहन किया। पिता के निधन के बाद वह टूट सी गईं थीं लेकिन हौसला नहीं खोया और भोजपुरी फिल्मों में ऊंचा मुकाम हासिल किया। मृदुभाषी और व्यवहार कुशल इस अदाकारा नमिता पांडेय को बचपन से ही नाचने गाने और अभिनय करने का बहुत शौक था। इसी शौक से नमिता को दुनिया में एक बेहतर अदाकारा की पहचान मिली। इन्होंने मंडी हाउस में नुक्कड़ नाटक किया, रंगभूमि आर्ट ऑफ फैमिली ग्रुप में अपनी कला का जादू बिखेरा, सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, मिजार्पुर बेव सीरीज में खूब जोरदार अभिनय किया। हिंदी फिल्म नवाबजाड़े, काशी इन सर्च आफ गंगा, प्रणाम, आसिफ, हेलमेट, चौखट नीर आदि के अलावा पहली भोजपुरी फिल्म पंडित जी बताई न बियाह कब होई पार्ट टू, कसम तिरंगे की, भूत मंडली, बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया, नजर आदि कई दर्जन फिल्मों में अपने कला का लोहा मनवाया।

छात्रों के समुचित विकास की रुपरेखा बनाता है रासेयो: विधायक सुरेंद्र

संवाददाता

कुशीनगर। एसबीएम पीजी कालेज पावानगर फाजिलनगर मे राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के अन्त में पर्यवारण संरक्षण रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया। विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र - छात्राओ के समुचित विकास की रुप रेखा तैयार करने में महती भूमिका निभा रहा है। डा.शत्रुघ्न सिंह ने इसके मोटो नाट मी बट यू झ मै नही बल्कि आप को रेखांकित कर प्रकाश डालते हुआ कहा की एनएसएस राष्ट्र सेवा व समाज सेवा का भाव जागृत करते बेहतर नागरिक बनाने का कार्य करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभाकर मिश्र पंकज ने अपने उद्बोधन मे कहा आज का दिन एनएसएस के लिए स्वर्णिम दिन है

। 24सितम्बर 1969को इसे लागू किया गया। आज 557 विश्वविद्यालयों मे इसे रखा गया है। यह एनएसएस विद्यार्थियों के भीतर ऊर्जा भरने और देश के प्रति वफादारी का पाठ पढ़ाता है। प्राचार्या प्रो. ज्योत्सना पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम आधिकारी डा. श्रवण कुमार ने किया। इसके बाद स्वयं सेवकों ने पर्यावरण जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को पर्यवारण के लिए जागरूक किया। इस दौरान डा.विजय पवार, डा.गोपाल जी पाण्डेय, डा.शाश्वत चंदेल, डा.गिरिजेश गौड़, डा.बृजेश बर्मा, डा.पंकज कुमार, डा.प्रशांत बौद्ध,अंतिमा सिंह, अरुणेश शुक्ल,अभिषेक पाण्डेय, अंकित मिश्र, देवेन्द्रनारायन तिवारी, सिंटू कुमार आदि उपस्थित रहे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती पर महा सदस्यता अभियान

संवाददाता

कुशीनगर।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बुद्धवार 25 सितंबर को पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर जनपद के सभी बूथों पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ महासदस्यता अभियान चलाएगी। बुधवार को पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथों पर जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करेंगे और घर घर जाकर लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ते हुए उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने दी। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पार्टी द्वारा पर प्रत्येक बूथ पर पुष्पांजलि, स्वच्छता और पौधरोपण के साथ साथ कम से कम 100 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे कुशीनगर जिला के सभी बूथों पर प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

आधी रात घूम रहे अर्धनग्न नकाबपोश चेहरे पर नीली प्लास्टिक लपेटे और हाथ में नुकीला हथियार लिए दिखे

गोरखपुर। के पादरी बाजार इलाके में इन दिनों लोगों के बीच अजीब सी दहशत बनी हुई है। देर रात CCTV कैमरों में अर्धनग्न अवस्था में दो नकाबपोशों के घूमते हुए फुटेज सामने आए हैं, जिनके कारण कॉलोनियों के लोग सहमे हुए हैं।

नकाबपोश चेहरे पर नीला कपड़ा या प्लास्टिक लपेटे हुए नजर आते हैं, केवल उनकी आंखें ही दिखाई देती हैं। एक हाथ में नुकीला हथियार और दूसरे में पाउडर जैसी कोई वस्तु देखकर लोगों में एक बड़ी साजिश का अंदेशा लग रहा है। अब कॉलोनियों के लोग रातों में जागकर पहरा दे रहे हैं।

हनुमंत नगर और आसपास की कॉलोनियों में नकाबपोशों की दस्तक दरअसल, पादरी बाजार की हनुमंत नगर, वैष्णो विहार और मानस विहार जैसी कई कॉलोनियों में नकाबपोशों के देखे जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। 14 सितंबर की रात करीब

1:30 बजे हनुमंत नगर के एक घर में लगे CCTV कैमरे में पहली बार दो नकाबपोश कैद हुए, जो नुकीले हथियार और किसी अज्ञात पाउडर के साथ जाते हुए नजर आए। अगले दिन जब कॉलोनीवासियों ने ये फुटेज देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। फुटेज पादरी बाजार चौकी को सौंप दिया गया, जिससे जांच शुरू हो गई है।सुरक्षा पर उठे सवाल, व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ रहे लोग सोमवार को हनुमंत नगर कॉलोनी से एक और CCTV फुटेज सामने आया, जिसमें नकाबपोशों के चेहरे स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। इससे कॉलोनी के लोग और भी ज्यादा चौकन्ने हो गए हैं। कॉलोनियों में सुरक्षा को लेकर कई तरह की चचाएं होने लगी हैं। लोग खुद एकजुट होकर रात में घरों की निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जहां कॉलोनी के अधिकतर लोग जुड़े हुए हैं और हर तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी साझा कर रहे हैं। उड गोरखनाथ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नकाबपोशों के दिखने की सूचना मिलने के बाद इलाके में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है। हालांकि अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पूरी तरह से चौकस है और जल्द ही इन नकाबपोशों का पता लगा लिया जाएगा। खौफ के साए में कॉलोनियों के लोग

पादरी बाजार की कॉलोनियों में दहशत का माहौल इतना बढ़ गया है कि अब लोग खुद सुरक्षा के लिए कदम उठा रहे हैं। कई घरों में रात के वक्त परिवार के किसी एक सदस्य को पूरे घर की निगरानी करने की जिम्मेदारी दी गई है। छोटे-बड़े सभी लोगों के बीच नकाबपोशों की चर्चा जोरों पर है। कॉलोनीवासी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं ये नकाबपोश किसी बड़ी वारदात की फिराक में तो नहीं हैं।

संक्षिप्त डायरी

नदी में डूबा 12वीं का छात्र दूसरे दिन तलाश में उतरी एसडीआरएफ

बस्ती। जिले की कुआनों नदी में 17 वर्षीय छात्र आदर्श के डूबने की घटना के दूसरे दिन भी उसका पता नहीं चल सका। छात्र की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर नदी में उतरे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। छात्र की मां का कहना है कि मेरे बाबू को सही सलामत लौटाएं, प्रशासन से यही निवेदन है। कोतवाली थाना क्षेत्र के छितई नसिंग गांव निवासी आदर्श 12वीं का छात्र है। सोमवार को अपने चार दोस्तों के साथ नदी के किनारे गया था। बताया जा रहा है कि आदर्श ने अपनी मां को अस्पताल छोड़ने के बाद फोन किया और दोस्तों के साथ पार्टी में शामिल होने की बात कही। इसके बाद वह अमहटघाट पहुंचा, जहां उसकी डूबने की घटना हुई। आदर्श के मामा ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि भांजे की हत्या कर उसके शव को नदी में फेंक दिया गया है। उनका कहना है कि पार्टी के दौरान आदर्श को नुकसान पहुंचाया गया। परिवार में आदर्श सबसे बड़ा बेटा था और उससे छोटे दो भाई और एक बहन है। गोताखोरों ने बताया कि नदी में खोजबीन करते समय उन्हें प्रतिमा और अन्य अवशेषों के कारण समस्या हो रही है, जिससे काम करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, हम मशक्कत कर रहे हैं, उम्मीद है कि सफलता मिलेगी। कोतवाली इंस्पेक्टर राना देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर छात्र की तलाश में लगे हुए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

मस्जिद बनाने का हिंदू पक्ष ने किया विरोध

बस्ती। बस्ती के महाराजगंज कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हिंदू पक्ष के लोग मस्जिद तामीर करने के विरोध में सड़क पर उतर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माने, बताया जा रहा है कि जिस जगह पर मस्जिद तामीर कराई जा थी। वह ग्राम समाज की भूमि है, भूमि को कब्जा करने की नीयत से ही यह मस्जिद बनवाई जा रही थी'बस्ती के महाराजगंज कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हिंदू पक्ष के लोग मस्जिद तामीर करने के विरोध में सड़क पर उतर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माने, बताया जा रहा है कि जिस जगह पर मस्जिद तामीर कराई जा थी। वह ग्राम समाज की भूमि है, भूमि को कब्जा करने की नीयत से ही यह मस्जिद बनवाई जा रही थी'सोमवार की रात 7.30 बजे जब इसकी भनक कस्बे के लोगों को हुई तो वे उग्र हो गए। कुछ ही देर में यह बात पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। काफी संख्या में कस्बे के लोगों ने विवादित जमीन पर हो रहे निर्माण को गिरा दिया। उसके बाद नारेबाजी करने लगे। सूचना पर महराजगंज चौकी पुलिस पहुंच गई। कस्बे के लोगों को समझाने का प्रयास करने लगी। पुलिस ने इन लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की भी बात कही। जिस पर कस्बे के लोग भड़क गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। कप्तानगंज एओ ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर बुलाया गया है। घटना को लेकर मौके पर पुलिस बल तैनात है। राजस्व टीम के आने पर नाप कराने का काम कराया जाएगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर ने 20 हजार रुपए लेकर परिवार को दिया शव

संतकबीरनगर। में निजी अस्पताल में गर्भवती महिला को पांच महीने का मृत बच्चा पैदा हुआ। इस दौरान परिवार ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही से नवजात की जान चली गई। इसके बाद प्रशासन ने बच्चे का शव देने के लिए 20 हजार रुपए की मांग की और कई घंटे तक बच्चे को अस्पताल में रखा। पैसा लेने के बाद शव को उनको सौंपा। इसके बाद परिवार ने अंतिम संस्कार किया। मामला मेंहदावल थाना क्षेत्र के निजी हॉस्पिटल का है। मेंहदावल पुलिस को दिए हुए प्रार्थना पत्र में पीड़ित पिता ने बताया कि मेरी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। उनका इलाज मेंहदावल के दिव्या देव हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर मोहल्ला उत्तरपट्टी सियर में चल रहा था। 21 तारीख को रात में हल्का सा तबीयत खराब होने पर उन्होंने अस्पताल में आकर डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी और लोकेश त्रिपाठी को बताया। वह दोनों लोग एक कंपाउंडर को इंजेक्शन लगाने के लिए मेरे घर भेजें। उसके बाद आराम नहीं होने पर हम पत्नी को अस्पताल में एडमिट कराने लेकर आए। वहां पर उसकी तबीयत और खराब हो गई और मैं बार-बार वहां डॉक्टरों को बुलाने के लिए कहा, लेकिन वहां मौजूद स्टाफ ने डॉक्टरों को नहीं बुलाया।आठ बजे मरा हुआ बच्चा पेट से बाहर निकल गया। उसके बाद जब मैं डिस्चार्ज कराकर अपनी पत्नी को लेकर बाहर आने लगा तो मुझसे 20 हजार रुपए की मांग होने लगी। स्टाफ ने मरे बच्चे को अपने पास ले लिया और कहा कि पैसा जमा करो तभी यह बच्चा देंगे। मैंने कहा कि आप लोग के लापरवाही से मेरा बच्चा मर गया है। आप लोग अगर देखने आए होते तो यह स्थिति नहीं होती ।

संक्षिप्त डायरी

हिसार में करेंगे व्यापारी कल्याण प्रकोष्ठ का गठन, प्राथमिकता के आधार पर होगा समस्याओं का समाधान

संस्कार उजाला
हरियाणा/हिसार (गरिमा) : आजाद उम्मीदवार गौतम सरदाना ने कहा है कि व्यापारी समाज की नींव होते हैं, इसलिए व्यापारियों की सुरक्षा, सुविधाओं के साथ-साथ उनके कारोबार को बढ़ाने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। वो पड़ाव बाजार व्यापारी संघ द्वारा आयोजित मान-सम्मान समारोह में व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के विकास में छोटे से छोटे दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारी का योगदान होता है। इसलिए उनके विधायक बनते ही व्यापारियों को सुरक्षा, सुविधाएं एवं व्यापार के अवसर प्रदान करवाने के मकसद से व्यापारी कल्याण प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं के निदान व सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में नई सड़कों का निर्माण एवं पुरानी सड़कों का सुधार, सीवरेज व्यवस्था सुधारी जाएगी। बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, स्वच्छ पेयजल, सार्वजनिक शौचालय व सफाई की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा जीएसटी लागू होने के बाद ई-वे बिल व अन्य तकनीकी बिंदुओं की खामियों को दूर करने में व्यापारियों की हर संभव मदद की जाएगी। इससे पहले गौतम सरदाना ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर हॉकी एवं बाल के सामने वाला बटन दबा कर उन्हें विधानसभा में भेजने की अपील की। उन्होंने कहा व्यापारी कल्याण प्रकोष्ठ पुलिस विभाग के सहयोग से थानों में व्यापारियों से संबंधित शिकायतों का ब्योरा तैयार कर उनका निस्तारण करेगा और वो स्वयं प्रत्येक माह अपराध उन्मूलन गोष्ठी करके में व्यापारियों से संबंधित अभियोगों, शिकायतों एवं सुरक्षा की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

कर्मचारियों की मांगों का किया समर्थन:-इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल ने आजाद प्रत्याशी गौतम सरदाना को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिस पर गौतम सरदाना ने कहा कि उनकी सभी जायज मांगों का वो समर्थन करते हैं। जिनमें कर्मचारियों को पक्का करने, एच.के.आर.एन. के तहत लगे कर्मियों को समान वेतन, पेंशन सुविधा, भत्ते, एक्स ग्रेसिया एवं अन्य लाभ प्रदान करने, खाली पदों पर अविलंब भर्ती करने सहित 15 मुद्दे शामिल रहे। गौतम सरदाना ने शहीदों को किया नमन हिसार। आजाद उम्मीदवार गौतम सरदाना ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए कहा है कि शहीदों की गौरव गाथाएं सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाती रहेंगी। हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर अपने संदेश में निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करते हुए उनकी कुबार्नी को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया है।

जिंदल हाउस बेकार तो बिना महल के भी सुधार किया जा सकता है : मनोज राठी

संस्कार उजाला
हरियाणा/हिसार (गरिमा) : यदि जिंदल हाउस या माता सोनिया जिंदल कार्ड तो बिना नेताओं के भी सुधार किया जा सकता है, जिससे जनता को राहत मिल सकती है, लेकिन सेवा और सुधार का काम केवल किया जा रहा है। असल में जिंदल परिवार सत्य के माध्यम से भी सिर्फ अपने व्यापार को ही बढ़ाता है। यह बात कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कांग्रेस कमेटी रामनिवास राठा के हित के लिए सद्भावना का संकल्प पत्र जारी करने के अवसर पर समर्थकों को आदर्श बनाते हुए कही। मनोज राठी ने कहा कि भारत की सबसे अमीर महिला और वातार्कार माता सावित्री की उम्र अब सर्विस करने की नहीं बल्कि सर्विस सजावट की है। सेवा परिवार का भी एकमात्र उद्देश्य दिखाया गया है, जैसा कि पहले जिंदल द्वारा खोले गए अस्पताल और स्कूल के नाम पर रखा जा रहा है। राठी ने कहा कि माता सोनिया जिंदल क्या बता सकती हैं कि उनके स्कूल में कितने गरीब बच्चों को आज तक शिक्षा दी गई या वर्तमान में कितने गरीब बच्चे पढ़ रहे हैं। वे कहते हैं कि जिंदल अस्पताल में इतना महंगा इलाज करके वे किससे गरीबों की सेवा कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि स्व. जिंदल के समय तक निश्चित रूप से कुछ सेवा कार्य होते थे, लेकिन अब तो सेवा के नाम पर शहर की प्रधान मंत्री पद के भवन में अपना नाम रखने का खेल चल रहा है। सेवा असंबद्धता का दिखावा कर इन्होनें क्वेश्चन में निजी संपत्ति के रूप में विकसित किया गया है। मनोज राठी ने कहा कि भारत की सबसे अमीर महिला भी जनता की सेवा के लिए नेता बनने का इंतजार कर रही है तो यह बात कम हजम होती है। अगर जिंदल परिवार बेकार है तो अपनी आय का केवल 5-7 प्रतिशत खर्च बढ़ाकर शहर को सच में पेरिस बना सकते हैं। जिंदल उद्योग को बढ़ाने के लिए देश-विदेश में रखी जा रही तैयारियों में से अगर कुछ भी एक जिले में लगाया जाए, जिसमें केवल स्थानीय लोगों को कर्मचारियों के रूप में भर्ती किया जाए तो क्षेत्र के युवाओं की रोजगार की समस्या का बहुत हद तक समाधान हो सकता है। लेकिन जिंदल परिवार को बढ़ावा देने की जगह सिर्फ मिस्र की कुर्सी के पीछे छुपी पावर दिखाई दे रही है जिससे दम पर अपने व्यापार को और बढ़ावा देने में मदद मिल सके।

रेवाड़ी में डबल स्टैक कंटेनर और दो ट्रेन वाला एशिया का पहला टनल बनकर तैयार

रेवाड़ी । डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के अंतर्गत हरियाणा के रेवाड़ी में एक किलोमीटर लंबा टनल बनाया गया है। इस टनल को डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन की फैसिलिटी के साथ बनाया गया है, जो इसको एशिया का पहला ऐसा टनल बनाता है। टनल को लेकर रेवाड़ी दादरी सेक्टर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा और डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने सोमवार को आईएएनएस से बात की।

डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा ने बताया कि यह हमारा डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन के लिए एक किलोमीटर लंबा टनल है, इस तरह का ये एशिया का पहला टनल है। इसको बनाने में दो वर्ष का समय और करीब 900 से 1,000 करोड़ रुपए की लागत लगी है। टनल के पीछे साढ़े छह किलोमीटर का डीप कट है और उसकी गहराई 30 से 35 मीटर है। उन्होंने आगे बताया कि टनल को बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आजकल कई अलग तरीके की टेक्निक आ रही है, जिससे उतनी परेशानी नहीं होती। लेकिन यहां पर आस-पास लोग रहते हैं, जिसके कारण हमने कंट्रोल ब्लास्टिंग करने का काम किया।

डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को लेकर बताया कि यह एक विशेष कॉरिडोर है, जो सिर्फ मालगाड़ियों के लिए बनाया गया है। 2,843 किलोमीटर लंबाई के दो कॉरिडोर हैं। एक पूर्वी कॉरिडोर है, जो लुधियाना के पास साहनेवाल से शुरू होकर के बिहार के सोननगर तक जाता है। दूसरा पश्चिमी कॉरिडोर है जो दादरी से शुरू होकर के मुंबई तक जाता है। 2,843 में से 2,741 किलोमीटर कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है, जो प्रोजेक्ट का 96.4 प्रतिशत है। अगले साल ये प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।

आम आदमी पार्टी समझती है आम आदमी की तकलीफ : प्रो छत्रपाल सिंह

संस्कार उजाला
हरियाणा/हिसार (गरिमा) : हल्का बरवाला को विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ नही रहने दिया जायेगा। वही समय जो आप ने मेरे कार्यकाल मे हल्का घिराए मे देखा था, उससे भी अधिक विकास कार्य हल्का बरवाला में करवाया जायेगा। ये बात सोमवार को आम आदमी पार्टी के बरवाला से उम्मीदवार प्रो छत्तरपाल सिंह ने हल्के के गांव लाडवा, भगाना, मायड़, नियाना, खोखा खरकड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान कही। चुनाव प्रचार के दौरान प्रो साहब का काफिला जब मायड़ गांव पहुंचा तो प्रो बलवान, जिले सिंह भाकर, सतबीर नमबरदार, सुरजीत नंबरदार और रामकुमार नायक ने पगड़ी पहनाकर प्रो छत्रपाल सिंह का जोरदार स्वागत किया। पूरा गांव प्रो छत्रपाल सिंह जिंदाबाद और आम आदमी पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंज गया। गांव वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर प्रो साहब को अपना समर्थन दिया। पूरे दिन के आयोजन में आम आदमी पार्टी से जिला प्रधान दलबीर किरमारा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समर्थन और सहयोग का आलम ये रहा कि आज के आयोजनों में प्रत्येक गांव में प्रो साहब को लड्डुओं के साथ तोला गया और जीत को आश्वस्त कर दिया गया। सुभाष बेडवाल और दिलबाग बेडवाल ने इक्यावन हजार और इक्कीस हजार की नोटों की माला पहनाकर प्रो साहब को सम्मानित किया और ये वादा किया कि हम तन मन और धन से आपके साथ हैं। प्रो साहब ने अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी से ईमानदार पार्टी कोई नहीं है। जो आम आदमी की तकलीफ को समझ कर काम करने मे विश्वास रखती है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि बरवाला हल्के के मेरे साथी पार्टी के विश्वास पर खरा उतर कर एक ईमानदार नेता को अपना समर्थन और सहयोग देकर हल्के की

सेवा करने का आदेश देगी। उन्होंने विश्वास दिलवाया कि पांच तारीख तक आप मेहनत कर दो उसके बाद पूरे पांच साल प्रो छत्तरपाल सिंह आपका चौकीदार और वकील बन कर आपकी हर समस्या के समाधान हेतु लड़ाई लड़ेगा। भागना गांव में सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर सिंह ने मान सम्मान की पगड़ी पहनाकर और पूरे गांव ने लड्डुओं से तोलकर 36 बिरादरी ने अपने समर्थन का ऐलान किया। नयाना गांव में राजेश पूनिया और सुरेश पूनिया ने लड्डुओं से तोलकर अपना समर्थन जाहिर किया। इस अवसर पर कर्मबीर सिंह, मनहोर लाल, पूर्व सरपंच किताब सिंह, पूर्व सरपंच शक्ति सिंह, सोनू, एक्स चेयरमैन, प्रदीप एक्स बीडीसी मेंबर, बालगान नंबरदार, मास्टर हरपाल, तारा चंद, जोगी राम गुज्जर, उमेद कुहाड़, सतबीर पंच, रमेश कुमार, सतबीर सिंह मालिया धानक, कर्मबीर धानक पप्पू धानक, सतबीर पूर्व पंच , सुन्दर सिंह बीडीसी मेम्बर, महावीर जांगड़ा पूर्व पंच, सेवानिवृत सुबेदार मेजर धरमवीर मेजर सुबेदार बलबीर सज्जन ग्रेवाल सुभाष चन्द्र, वीरेन्द्र कोहड़, रणधीर सिंह कपूर सिंह, साधु रम स्याउ सतीश शर्मा, सुभाष बाल्मिक, विकास धानक, रमेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

हरियाणा पराली जलाने में देश में तीसरे स्थान पर, सेटेलाइट से जुटाया गया आकंडा

कैथल । पराली जलाने की समस्या से निजात पाने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर प्रयास जारी हैं। लेकिन इसमें उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल पा रही है। कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रो इकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फॉम स्पेस (क्रीम्स) ने पराली से जुड़ी एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 6 राज्यों के 255 जिलों में वर्ष 2019 से 2023 तक पिछले 5 वर्षों में 3,87,946 फसल अवशेष जलाने के मामले दर्ज किए हैं। पराली जलाने के मामले में हरियाणा (46,545) इन राज्यों में 3 स्थान पर रहा है। पहले स्थान पर पंजाब (2,91,629) है। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश (46,545) है। देश भर में फसल अवशेष जलाने के कुल मामलों में 75 प्रतिशत से अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं।

सेटेलाइट से जुटाया गया आंकड़ा

इनके अलावा यू.पी. में 20,114, राजस्थान में 6,149 और दिल्ली में 28 पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। बता दें कि हर साल 15 सितंबर से 30 नवंबर तक उपग्रह डेटा का उपयोग करके क्रीम्स द्वारा फसल अवशेष जलाने के आंकड़े को जुटाया गया है। पंजाब में वर्ष 2019 में 50,738, वर्ष 2020 में 83,002, वर्ष 2021 में 71,304, वर्ष 2022 में 49,922 और वर्ष 2023 में सबसे कम 36,663 पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए। इसी तरह हरियाणा में साल 2019 में 6,328, वर्ष 2020 में 4,202, वर्ष 2021 में 6,987, वर्ष 2022 में 3,661 और वर्ष 2023 में 2,303 मामले दर्ज किए गए। एम.पी. में वर्ष 2020 में 14,148, वर्ष 2021 में 8,160, वर्ष 2022 में 11,737 और वर्ष 2023 में 12,500 मामले दर्ज किए गए। ऐसे ही यू.पी. में साल 2019 में 4,218, वर्ष 2020 में 4,631, वर्ष 2021 में 4,242, साल 2022 में 3,027 और वर्ष 2023 में 3,996 मामले दर्ज किए गए। राजस्थान में साल 2020 में 1,756, साल 2021 में 1,350, वर्ष 2022 में 1,268 और वर्ष 2023 में 1,775 मामले दर्ज किए गए।

बनती हैं जहरीली गैसे

1 टन धान की फसल के अवशेष जलाने से 3 किलोग्राम कणिका तत्व (पर्टिकुलेट मैटर), 60 किलोग्राम कार्बन मोनो आक्साइड, 1460 किलोग्राम कार्बन डाई आक्साइड, 199 किलोग्राम राख एवं दो किलोग्राम सल्फर डाई आक्साइड अवमुक्त होता है। इन गैसों से सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है। इससे आंखों में जलन एवं त्वचा रोग होते हैं। वहीं कणिका तत्वों के कारण हृदय व फेफड़ों की बीमारी होती है।

बहादुरगढ़ में भाजपा को फिर लगा बड़ा झटका, ब्लॉक समिति के 9 पार्षदों ने थामा कांग्रेस का दामन

बहादुरगढ़। बहादुरगढ़ विधानसभा में कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है और भाजपा के विकेट लगातार गिर रहे हैं। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा और किसान मोर्चा के बड़े नेता नीना राठी और सतपाल राठी ने भाजपा छोड़ी थी। वहीं आज भाजपा के नौ ब्लॉक समिति के पार्षदों और भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने भाजपा को अलविदा कह दिया। ब्लॉक समिति के नौ सदस्य और भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय ने राजेन्द्र जून की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम भी लिया।

राजेन्द्र जून लगातार पांचवी बार बहादुरगढ़ विधानसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार है। तीन बार विधायक रह चुके हैं। राजेन्द्र जून की कार्यशैली के सब कायल भी हैं। राजेन्द्र जून ने भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए सभी पार्षदों और पदाधिकारियों का कांग्रेस में स्वागत किया और सबको कांधे पर बैठाकर रखने, पूरा सम्मान देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसी के काम नहीं हुए। इसलिए सब लोग भाजपा से तंग आ गए हैं। इस बार हरियाणा में कांग्रेस की लहर और भूपेन्द्र हुड्डा हरियाणा के मुख्यमंत्री बनेंगे।

जून ने कहा कि 25 सितम्बर को भाजपा के कई नगर पार्षद भी कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आज हर कोई भाजपा के कुशासन से तंग आया हुआ है और इस बार प्रदेश की सत्ता में बदलाव तय है। वहीं भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए मंडलाध्यक्ष विजय

का कहना है कि भाजपा के पूर्व विधायक ने भाजपा के जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा का भरे मंच से अपमान किया और उन्होंने आज तक जांगड़ा समाज से माफी नहीं मांगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अब कार्यकर्ता का सम्मान नहीं रखा जा रहा, इसलिए उन्होंने भाजपा को छोड़कर राजेन्द्र जून के पक्ष में कांग्रेस ज्वॉइन की है।

अंबाला में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, भूपेंद्र हुड्डा की रैली के बाद 2 पार्षद पार्टी छोड़कर बीजेपी में हुए शामिल

अंबाला । अंबाला शहर में भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उदयभान की रैली के बाद देर शाम कांग्रेस पार्टी को तगड़ा झटका लगा। कांग्रेस के दो पार्षद मुख्यमंत्री नायब सैनी और असीम गोयल की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो गए।

बता दें कि वार्ड-एक के पार्षद जसबीर सिंह और वार्ड-19 के पार्षद राकेश सिंगला कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़कर भाजपा के कमल का दामन थाम

लिया। दोनों ही पार्षदों का भाजपा में असीम गोयल और जिलाध्यक्ष मनदीपराणा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल ने कहा कि भाजपा, नरेंद्र मोदी की नीतियों और मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली से प्रभावित होकर दोनों पार्षद आज भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। दोनों ही पार्षदों के आने से भाजपा को मजबूती मिली है। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्षद जसबीर सिंह ने बताया कि वह अब भाजपा के लिए दिन-रात एक करके काम करेंगे। तीसरी बार अम्बाला शहर में बीजेपी की जीत सुनिश्चित करेंगे। पार्षद राकेश सिंगला का कहना है कि कांग्रेस पार्टी में वे असहज महसूस कर रहे थे। उन्हें सोमवार को शहर में हुई कांग्रेस पार्टी की रैली के लिए भी न्योता नहीं दिया गया।

कांग्रेस ने राजेश जून की सदस्यता 6 वर्ष के लिए की रद्द, केसी वेणुगोपाल का एक्शन बागियों पर जारी

बहादुरगढ़ : हरियाणा में कांग्रेस बागी नेताओं पर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। बीते दिनों पार्टी लाइन से अलग जाकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहीं चित्रा सरवारा की सदस्यता रद्द कर दी थी। वहीं अब बहादुरगढ़ से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे राजेश जून की भी सदस्यता कांग्रेस ने छीन ली है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा सदस्यता रद्द करने वाले जारी लेटर में लिखा है कि पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने के कारण जून पर एक्शन लिया गया है। उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। बता दें कि चित्रा सरवारा और राजेश को जून दोनों को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला गया है। दोनों ही नेता टिकट के लिए दावेदार थे, लेकिन न मिलने के कारण इन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

हरियाणा को नहीं मिली अभी तक कोई महिला सीएम, सिर्फ 87 महिलाएं पहुंची विधानसभा

गुरुग्राम । हरियाणा चुनाव में अभी तक पुरुषों का ही दबदबा कायम रहा है और इस बार भी विधानसभा चुनाव में सिर्फ 51 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों ने जिन महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है, उनमें से अधिकतर का तो राजनीतिक परिवार से नाता है या फिर वे कोई चर्चित चेहरा हैं। हरियाणा के 1966 में पंजाब से अलग होकर राज्य बनने के बाद से विधानसभा में अभी तक केवल 87 महिलाएं चुन कर पहुंची हैं।

हरियाणा अपने खराब लैंगिक अनुपात के लिए हमेशा चर्चा में रहा है और यहां अभी तक कभी कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं बनी है। उम्मीदवारों की सुधी पर गौर करने से पता चलता है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसके बाद गठबंधन में चुनाव लड़ रहे भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संयुक्त रूप से 11 महिला उम्मीदवारों, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 महिला उम्मीदवारों का टिकट दिया है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (आसपा) का गठबंधन ने केवल आठ पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) की 90 उम्मीदवारों की सूची में 10 महिलाएं शामिल है। हरियाणा विधानसमा के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2000 से अभी तक हुए 5 विधानसभा चुनाव में कुल 47 महिलाएं राज्य में विधायक चुनी गई।

लैंगिक अनुपात के लिए बदनाम है हरियाणा

हरियाणा अपने विषम लैंगिक अनुपात के लिए बदनाम है। वर्ष 2023 में यहां प्रति 1,000 लड़कों पर 916 लड़कियां थीं। वर्ष 2019 के चुनाव में 104 महिला उम्मीदवार मैदान में थी, जिनमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में सबसे अधिक 116 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं जिनमें से 13 ने जीत दर्ज की थी। 2019 के चुनाव में यह संख्या घटकर 9 रह गई। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा। परिणाम आठ अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33

प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित हो गया, लेकिन इसे लागू 2029 में किया जाएगा जो महिलाओं के साथ मजाक ही है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय बैठक आहूत

बीमारी से लड़ना जरूरी और बीमारी के प्रति जागरूकता होना बेहत जरूरी: श्री इन्द्र विक्रम सिंह

आपसी समन्वय बनाकर करें कार्य, हमारा उद्देश्य जनपद को संचारी रोग मुक्त बनाना: डीएम

मच्छर ना काटे इसके लिए पूरे कपड़े पहने, पानी जमा व गंदगी ना होने दे जिससे मच्छर ना पनपे: जिलाधिकारी

लापरवाही छोड़े, समझदारी से नाता जोड़े, संचारी रोग के प्रति स्वयं व दूसरों को जागरूक बनायें: श्री इन्द्र विक्रम सिंह

संचारी रोगों के प्रति जागरूकता ही सही समाधान: जिलाधिकारी

संस्कार उजाला

गाजियाबाद महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान (1-31 अक्टूबर 2024) एवं दस्तक अभियान (11-31 जुलाई 2024) हेतु जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान एवं संचारी रोग अभियान के तहत जो कार्य किये गये हैं उनका सन्तोषजनक परिणाम आऐं हैं, इसे देखते हुए आगे और भी सचेत रहने की आवश्यकता है। आवश्यकता के अनुसार फांगिग की जाए। फागिंग से मच्छर मरते नहीं हैं, इधर—उधर हो जाते हैं। इसलिए हमें चाहिए कि मच्छर पनपे ही नहीं। इसके लिए कहीं भी साफ या गंदा पानी इक्ट्ठा ना होने दे। क्योंकि साफ पानी में डेंगू का मच्छर पनपता है। संचारी अभियान और दस्तक अभियान का परिणाम लोगों को स्वास्थ्यदायक व जीवनदायक होना चाहिए, यहीं हमारा मकसद होना चाहिए। बीमार लोगों को ठीक होने की जानकारी एवं दवा दें और स्वस्थ्य लोगों को बीमारी ना हो इसके लिए जागरूक करें। डेंगू का मच्छर 3—4 फीट ऊंचाई तक उड़ता है और काटता हैं, इसलिए फूल साइज के कपड़े पहनने चाहिए। संचारी रोगों से बचने के लिए सभी विभाग मिलकर सफाई अभियान चलाऐं, जन जागरूकता हेतु स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों का साथ लें। अभियान के दौरान लोगों से उनकी बीमारी जानना जितना जरूरी है उससे भी ज्यादा जरूरी उन्हें बीमारी के प्रति जागरूक करना है। दस्तक एवं संचारी अभियान के मकसद है बीमारी से बचाव के प्रति जन जागरूकता लाना। सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करें और जनपद को संचारी रोग मुक्त बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे। विभागीय अधिकारियों को दिए दिशा—निर्देश बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा डॉ.मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम तथा डॉ.जीके मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी को आर०डब्लू०ए० फेडरेशन अध्यक्ष प्रेसीडेन्ट कर्नल टी०पी० त्यागी, सिविल डिफेंस गाजियाबाद के प्रतिनिधि श्री अनिल अग्रवाल के साथ समन्वय स्थापित रखने हेतु निर्देशित किया गया। श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी, अधिकारी पंचायती राज विभाग / ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्रों में सभी सम्बन्धितों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तालाबों की साफ-सफाई एवं आस-पास की झाड़ियों की कटाई को प्राथमिकता के तौर साफ कर लिया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि विगत 05 वर्षों के सूचकांक के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों/गांव इत्यादि में विशेष अभियान चलाकर इस वर्ष उन क्षेत्रों में संचारी रोगों के प्रसार को नियंत्रित किया जाये। कृषि/सिंचाई विभाग कृषि विभाग द्वारा मच्छर प्रजनन स्थलों का विन्हिकरण कर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही, झाड़ियों की कटान इत्यादि के संबंध में माइकोप्लान तैयार करते हुए जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएं। सिचाई विभाग द्वारा जल भराव वाले स्थलों का चिन्हिकरण मच्छर प्रजनन रोकने हेतु प्रबन्धन तथा झाड़ियों का कटान व्यापक स्तर पर कराना सुनिश्चित करें। उद्यान विभाग को मच्छररोधी पौधों यथा लेमनग्रास, तुलसी, नीम का अधिकाधिक पौधारोपण हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद पशु पालन विभाग द्वारा नगर निगम गाजियाबाद को समस्त सूकर पालकों एवं पोलिट्र फार्म की सूचना उपलब्ध करायेगें। उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद गाजियाबाद के अन्तर्गत आने वाले डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों में उचित कार्यवाही कराये जाने हेतु समन्वय स्थापित करते हुए सम्बन्धित को उचित दिशा-निर्देश निर्गत कराने का कष्ट करें। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह छात्र-छात्राओं को फुल ड्रेस में स्कूलों / विद्यालयों में आने हेतु एवं अभिभावक को अपने माध्यम से संवेदीकरण करते हुए तथा प्रत्येक निजी / सरकारी विद्यालयों में संचारी रोग अभियान हेतु नोडल अध्यापकों को नामित करने हेतु निर्देशित किया जाये। जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागों से प्रेस विज्ञप्ति प्राप्त कर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों की ड्रेस पूरी हो जिससे उन्हें मच्छर ना काटे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग करायें। जनपद में संचारी रोगों के प्रसार का नियंत्रित करने हेतु सहयोगी विभागों के अधिकारीगण ने प्रतिभाग किया है, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, एसीएमओ, जिला सर्विलान्स अधिकारी इत्यादि सम्मिलित हुए।

दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सोलर प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

एमएनआरई, भारत सरकार द्वारा संचालित पी०एम० सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनार के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद में 2,00,000 घरो पर ग्रिड संयोजित सोलर रुफटॉप पावर प्लान्ट संयंत्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सोलर प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई ' एमएनआरई, भारत सरकार द्वारा संचालित पी०एम० सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनार के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद में 2,00,000 घरो पर ग्रिड संयोजित सोलर रुफटॉप पावर प्लान्ट संयंत्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी वेन्डरो का परिचय प्राप्त किया गया तथा सभी वेन्डरों की समस्याओ के सम्बन्ध में वेन्डरों से जानकारी चाही गयी। सर्वप्रथम पीयुष साहू द्वारा अवगत कराया गया कि मेरी तीन समस्या है-

1. सर्वप्रथम अनुदान की धनराशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सब्सिडी विलम्ब से प्राप्त होती है, जिससे लाभार्थी चयन में विलम्ब होता है, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि अब स्टेट की सब्सिडी केन्द्र के सब्सिडी के पहले ही उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।
2. मीटर रीडर द्वारा सोलर बिल की रीडिंग सही से नहीं की जाती है, जिससे लाभार्थी का बिल गलत हो जाता है।
3. नेट मीटरिंग करने में विद्युत विभाग द्वारा समय लगाया जाता है, जिससे कार्य कराने में विलम्ब होता है।
4. मीटर रीडरो को समुचित प्रशिक्षण दिलाया जाये। इस प्रकार अन्य वेन्डरो द्वारा भी अपने सुझावो एवं समस्याओ के विषय में अवगत कराया गया है। साथ ही वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देश दिये गये विद्युत विभाग से समन्वय कर समस्त सुझाव एवं शिकायत का निस्तारण कराया जाये। विद्युत विभाग को निर्देश दिये गये की मीटर टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र ही गाजियाबाद में आरम्भ किया जाये जिससे मीटर टेस्टिंग की समस्या का निस्तारण हो सके। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अगली बैठक समय से कराने के निर्देश दिये गये है तथा धन्यावाद के साथ बैठक का समापन किया गया।बैठक में अमर सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, सुनिल कुमार, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, गाजियाबाद, आलोक त्रिपाठी, सहायक अभियंता, विद्युत विभाग, राजकुमार भारती सहायक अभियंता, विद्युत विभाग, उमेश अग्रवाल, दिव्य सोलर पावर, अनुराग श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार शर्मा, चमन झा, आशुतोष शर्मा, संदीप त्रिपाठी, शुभम मिश्रा, विकास साहू आदि यूपीनेडा में इम्पैनल्ड वेन्डर उपस्थित रहे।

गांव के हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से कराएंगे : गुर्जर सुमित प्रताप सिंह

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

लोनी विधानसभा क्षेत्र के गांव सिकरानी में निषाद पार्टी की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी समाज के लोगों ने बड़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गुर्जर सुमित प्रताप सिंह व गाजियाबाद जिलाध्यक्ष संगठन संजीव गुर्जर का ग्रामीणों ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि यहां आकर आप लोगों का जो प्यार पार्टी को मिला उसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी गांव के हर व्यक्ति का सम्मान करती है तथा उनकी हर समस्या को सुनकर अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का काम करेगी। हर समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से कराया जायेगा। इसके अलावा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार गुर्जर ने कहा कि आपके स्नेह और प्यार का मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। मैं आपसे वादा करता हूं कि गांव की जो भी समस्या है उसको पार्टी का कार्यकर्ता गंभीरता से लेगा और निस्तारण नहीं होने तक उनका प्रयास जारी रहेगा। बैठक के दौरान काफी संख्या में लोगों ने निषाद पार्टी से जुड़ने की बात कही और कहा कि हम निषाद पार्टी की नीतियों से काफी खुश हैं हमें लगता है कि आपकी पार्टी व्यक्ति का सम्मान करती है। इस अवसर पर सुरेश प्रधान, रजनीश प्रधान, लीलाधर प्रधान,डॉक्टर नवनीत बैसला, रवि प्रधान, राजेश फौजी, रघुवर, जुमन गुर्जर, मुलायम गुर्जर, बबली नेताजी, मनोज, संजय, विनोद, धीरज, सागर, सुदेश, अंकित, अरविंद, कुलदीप, बलराज, तनुज, गोलू, सोनू गुर्जर, वासु गुर्जर, देवी गुर्जर, रवि रंजन, मनीष चौधरी, अशोक आदि लोग मौजूद रहे।

गाजियाबाद के पूर्व मेयर को मिली फोन पर धमकी, आरोपी ने ठिकाने लगाने की बात कही पुलिस ने शुरू की जांच

संस्कार उजाला

माधव कुमार संवाददाता

गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु कुमार वर्मा को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व मेयर का कहना है कि जब फोन करने वाले व्यक्ति के डिपार्टमेंट के बारे में पूछा तो वह झगड़ने लगा और अंत में उसने पूर्व मेयर को ठिकाने लगाने की धमकी देकर कॉल काट दी। गाजियाबाद। पूर्व मेयर को फोन कर धमकी देने के मामले में कविनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर को पूर्व मेयर आशु कुमार वर्मा को फोन कर दो घंटे में उनका फोन बंद करने की बात कही गई। ज्यादा जानकारी के लिए मोबाइल में नौ नंबर बटन दबाने के लिए कहा गया, जब उन्होंने नौ नंबर का बटन दबाया तो एक युवक से उनकी बात हुई और वह निजी जानकारी मांगने लगा। शक होने पर पूर्व मेयर ने जब फोन करने वाले व्यक्ति के डिपार्टमेंट के बारे में पूछा तो वह झगड़ने लगा और अंत में उसने पूर्व मेयर को ठिकाने लगाने की धमकी देकर कॉल काट दी। जब उन्होंने दोबारा कॉल की तो कॉल रिसीव नहीं की गई। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।ओं के तहत 02 अभियोग पंजीकृत किये गये।

थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरू नगर सड़क किनारे एक व्यक्ति को शव मिलने से लोगों में दहशत का माहौल

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरू नगर में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला था जिसके सर में गोली लगी थी तथा पास में तमन्चा पड़ा मिला उसके जेब में एक मोबाइल भी था मृतक की पहचान ऋषभ गुप्ता निवासी पंचवटी के रुप में हुई इस सम्बन्ध में परिजनों से पूछताछ की गयी तो परिजनों ने बताया की मंगलवार को दुकान बंद रहती तो सोमवार की रात को ऋषभ दुकान बंद करके कही टहलने के लिए निकले थे तथा पत्नी को फोन पर बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कही घूमने जा रहे है। इस आधार पर दोस्तों के नाम प्रकाश में आये पुलकित गोयल, अनुज शर्मा, मुकुल यह चार लोग हरिद्वार के लिए निकले थे । मुकुल गोयल को हिसासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसने घटना क्रम इस प्रकार बताया की यह चारों लोग हरिद्वार के लिए निकले थे तो वह मेरठ से वापस होकर जब गाडी नेहरू नगर में रोकी तो अनुज द्वारा ऋषभ को सर में गोली मार दी गई तथा तमंचा वहीं छोड दिया । उसके बाद हम लोग वहां से भाग गये । मुकुल को हिरासत में लिया गया है तथा पुलकित एवं अनुज की तलाश की जा रही है।

इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य फ्रेशर्स पार्टी परिचय का आयोजन, नए छात्रों का स्वागत

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में अटल सभागार में वार्षिक फ्रेशर्स पार्टी ₹परिचय₹ का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बी.टेक प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत करना था, जिसमें विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियों और गतिविधियों ने छात्रों के बीच उत्साह और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के सम्मानित संकाय सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रमुख अतिथियों में महाविद्यालय के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता, छात्र कल्याण की डीन प्रो. (डॉ.) मीनाक्षी शर्मा, एआईएमएल विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कुमुद कुंडू, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष एवं प्रथम वर्ष प्रभारी डॉ. एस.पी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने में समन्वयक नीरज कुमार और अल्पना रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। फ्रेशर्स पार्टी में 30 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें आकर्षक नृत्य और गायन प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। पर्व और समूह द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि अदिति संभवी के एकल नृत्य ने सबका दिल जीत लिया। कार्तिक सक्सेना के गायन प्रदर्शन को भी खूब सराहना मिली, वहीं अतीशय और कोकिला की युगल प्रस्तुति ने संगीत के रंग को और गहरा किया। इसके अलावा, इनायत, रंगला और क्राफ्टोमेनिया जैसी छात्र समितियों ने भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा, जिसमें गौरव कलूरा और महक राघव को क्रमशः मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब मिला। उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को खूब सराहा गया। परिचय ने नए छात्रों के लिए एक नई शुरूआत का जश्न मनाया और छात्रों, संकाय और कर्मचारियों के बीच संबंधों को और मजबूत किया, जिससे यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार दिन बन गया।

26 सितंबर को गाजीपुर बार्डर से राहुल गांधी के घर तक होगा प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा लगातार राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में दिए गए आरक्षण खत्म करने के बयान को लेकर घेराव हो रहा है। साथ ही अब ओबीसी मोर्चा भी इसको लेकर पूरी रणनीति बना चुका है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के आवास और जल निगम गेस्ट हाउस पर ओबीसी समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रुपरेखा बनाई गई है कि 26 सितंबर को गाजीपुर बॉर्डर से राहुल गांधी के घर तक घेराव का कार्यक्रम रखा जाएगा। उनके खिलाफ नारेबाजी और आरक्षण खत्म करने को लेकर उनके बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी आक्रामक रूख अपनाएगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के आवास पर समाज के लोगों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगे के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई है। जल निगम गेस्ट हाउस पर चली लंबी बैठक जल निगम गेस्ट हाउस विजयनगर में ओबीसी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और ओबीसी समाज के नेताओं के साथ बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकताओं को बुलाया गया था। यहां 26 सितंबर को राहुल गांधी के घर का घेराव करने का कार्यक्रम फाइनल किया गया है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गाजीपुर बॉर्डर से लेकर दिल्ली में राहुल गांधी के आवास तक पूरा कार्यक्रम करेंगे। जहां राहुल गांधी का आरक्षण विरोधी बयान को लेकर विरोध करने के साथ ही उनका पुतला दहन और राहुल गांधी और गांधी परिवार की सोच को भी प्रदर्शित करने का काम किया जाएगा। सोमवार को प्रताप विहार स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी समाज और पार्षद व पदाधिकारी शामिल हुए हैं। नरेंद्र कश्यप ने कहा राहुल गांधी का घेराव कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी के आवास घेराव एवं प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी रणनीति तैयार कर ली है। उन्होंने जानकारी दी है कि खुद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा इस बैठक में उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी समाज के नेताओं और पार्षद व स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि राहुल गांधी का 26 तारीख को होने वाला घेराव का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहेगा।भारतीय जनता पार्टी पूरे जोर, शोर और जोश के साथ राहुल गांधी के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी। राहुल गांधी को बताया जाएगा कि भारतीय जनता पार्टी को लेकर जिस प्रकार की वह अनरगल बयान बाजी करते हैं, यह ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा है कि आरक्षण के मुद्दे को लेकर जिस तरीके से विपक्ष ने लोकसभा चुनाव में माहौल बनाया था,इस बार विधानसभा उपचुनाव से पहले इस माहौल को बननें नहीं दिया जाएगा। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि 26 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर ओबीसी मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी का एक-एक पदाधिकारी प्रदर्शन के लिए तैयार हो चुका है।

संक्षिप्त डायरी

MMH में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा वं कट्टर हिंदूवादी जनसेवक विकास ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया

संस्कार उजाला

माधव कुमार संवाददाता

गाज़ियाबाद। पूर्व महापौर आशा शर्मा जी एवं जिला अस्पताल के सीएमएस राकेश कुमार जी ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया हर वर्ष की तरह इस बार भी रक्तदान की शुरूआत जनसेवक विकास हिन्दू ने अपना रक्तदान करके की जनसेवक विकास हिन्दू ने इस बार अपने 39वें जन्मदिन पर 44वी बार रक्तदान किया रक्तदान करने वालो में राहुल कौशिक, आकाश कौशिक, आकाश शर्मा, कपिल शर्मा, सचिन गुप्ता, कपिल त्यागी, सुमित त्यागी,गोविन्द प्रजापति ब्रजेश गोयल, महेंद्र,चिंटू कौशिक,अमित भारद्वाज सहित 32लोगों ने रक्तदान किया आगूनतको में धर्मरक्षक सुभाष चंद बजरंगी जी, विवेक गोस्वामी जी, रोबिन सांगवान, सोनू फलटा, अनुपम बजरंगी, प्रवीण भाई खादी वाले, रोहित बजरंगी, मोहित गोयल सहित सैकड़ो लोग आए ओर जनसेवक विकास हिन्दू को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की।

रवि धामा ने बीमार गौवंश को एम्बुलेंस से भिजवाया अस्पताल

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी) लोनी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा गाजियाबाद रवि धामा को बलराम नगर कॉलोनी से सूचना मिली कि यँहा एक गौवंश तीन दिनों से बीमार पड़ा है। रवि धामा अपनी टीम के साथ तुरन्त घटना स्थल 100 फुटा बलराम नगर रोड़ पर पहुंचे। उन्होंने वँहा जाकर लालबाग चौकी प्रभारी को अवगत करवाया। वे भी अपने साथ के पी सिंह के साथ तुरन्त मौके पर पहुंचे। उसके बाद रवि धामा ने गौसेवक मोहन आर्य जी की मदद से एम्बुलेंस बुलवायी। और फिर गौवंश को उचित उपचार हेतू अस्पताल भिजवाया। साथ रहे विनोद संबरिया एवं दर्जनों कॉलोनी वासी मौजूद रहे

गाजियाबाद वैष्णवी शर्मा का राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता CISCE 2024 में स्वर्ण पदक, SGF कमें चयनित , उ प्र को गौरवान्वित कर।

संस्कार उजाला

गाज़ियाबाद (आशा चौधरी) का नाम रौशन किया, रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी खेल अधिकारी कुमारी पूनम विश्नोई ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।एवम वैष्णवी के पिता अम्बुज शर्मा को बेटी दिवस की शुभकामनाए देते हुए उनके यशश्वी प्रयासों की सराहना की। सभी बाटियो के लिए शस्त्र और शास्त्रों के परशिक्षण का अनिवार्य संदेश दिया।मैडल जीतने पर रंजीत यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए समस्त गाजियाबाद की जीत बताया, ।

आबकारी गाजियाबाद टीम ने 30 लीटर कच्ची शराब व 800 किलोग्राम लहन को किया बरामद।

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी) उत्तर प्रदेश शासन ,आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन मेरठ के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी गाज़ियाबाद के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में सोमवार 23 सितम्बर को आबकारी टीम गाजियाबाद द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मुरादनगर अंतर्गत शमशेरपुर, तथा मथुरापुर के हिंडन खादर क्षेत्रों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा करीब 800 किलोग्राम लहन बरामद हुआ।अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत 02 अभियोग पंजीकृत किये गये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011